RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच


पेज 7 मटका किंग में विजय वर्मा के...

वर्ष : 26 | अंक : 186 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, बृहस्पतिवार, 27 जून, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8


## संसद में राष्ट्रपति का अभिभाषण

# संविधान पर सबसे बड़ा हमला था आपातकाल : राष्ट्रपति

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद के दोनों सदनों को संबोधित किया। राष्ट्रपति मुर्मू ने लोकसभा और राज्यसभा के दोनों सत्रों को संबोधित करते हुए केन्द्र की मोदी सरकार के अगले 5 साल के रोडमैप की रूपरेखा सामने रख रही हैं। बता दें कि 18वीं लोकसभा का पहला सत्र जारी है. सभी नवनिर्वाचित सदस्य शपथ ले चुके हैं। राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण में आपातकाल का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि आपातकाल देश के संविधान पर सबसे बड़ा हमला था।

संसद के दोनों सदनों को संबोधित करते हुए अपने संबोधन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आपातकाल पर करारा हमला बोला। उन्होंने कहा कि आने वाले कुछ महीनों में भारत एक गणतंत्र के रूप में 75 वर्ष पूरे करने जा रहा है। भारतीय संविधान ने बीते दशकों में हर चुनौती और कसौटी पर खरा उतरा है। देश में संविधान लागू होने के बाद भी संविधान पर कई हमले हुए हैं। 25 जून 1975 को लागू किया गया आपातकाल संविधान पर सीधा हमला था। जब इसे लगाया गया तो पूरे देश में हाहाकार मच गया था, लेकिन देश ने ऐसी संवैधानिक ताकतों पर विजय प्राप्त की है। मेरी सरकार भी भारतीय संविधान को सिर्फ शासन का माध्यम नहीं बना सकती। हम अपने संविधान को जनचेतना का हिस्सा बनाने का प्रयास कर रहे हैं। इसी के साथ मेरी सरकार ने 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाना शुरू किया है। हमारे जम्मू-कश्मीर में संविधान पूरी तरह लागू किया गया है, जहां अनुच्छेद 370 के कारण स्थिति अलग थी।





राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा, देश में छह दशक के बाद पूर्ण बहुमत वाली स्थिर सरकार बनी है. लोगों ने इस सरकार पर तीसरी बार भरोसा जताया है। लोग जानते हैं कि सिर्फ यही सरकार उनकी आकांक्षाओं को पूरा कर सकती है। 18वीं लोकसभा कई मायनों में ऐतिहासिक लोकसभा है. इस लोकसभा का गठन अमृतकाल के शुरुआती वर्षों में हुआ था। यह लोकसभा देश के संविधान को अपनाने के 56वें वर्ष की भी साक्षी बनेगी। आगामी सत्रों में यह सरकार अपने कार्यकाल का पहला बजट पेश करने जा रही है. यह बजट सरकार की (शेष पृष्ठ-3 पर)

### सेनाओं में आधुनिकता जरूरी

उन्होंने आगे कहा कि एक सशक्त भारत के लिए हमारी सेनाओं में आधुनिकता जरूरी है. युद्ध की स्थिति में हम सर्वश्रेष्ठ बनें-इसके लिए सेनाओं में सुधार की प्रक्रिया निरंतर चलती रहनी चाहिए। इसी सोच के साथ मेरी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। पिछले एक दशक में हमारा रक्षा निर्यात 18 गुना बढ़कर 21 हजार करोड़ रुपए तक पहुंच चुका है।

### पेपर लीक की होगी जांच

राष्ट्रपति के अभिभाषण में पेपर लीक का जिक्र भी किया गया. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा,पेपर लीक की घटनाओं की निष्पक्ष जांच और दोषियों कड़ी सजा दिलाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है. पहले भी कई राज्यों में पेपर लीक की घटनाएं हुई हैं. इस मामले पर दलीय राजनीति से ऊपर उठकर देश व्यापी ठोस उपाय करने की जरूरत है।

### किसानों को मिला लाभ

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि सरकार ने पीएम किसान सम्मान निधि के तहत देश के किसानों को 3 लाख 20 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि प्रदान की है. मेरी सरकार के नए कार्यकाल की शुरुआत से अब तक 20 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि किसानों को हस्तांतरित की जा चुकी है. सरकार ने खरीफ फसलों के लिए स्र्स्क में भी रिकॉर्ड बढ़ोतरी की है. आज का भारत अपनी वर्तमान जरूरतों को ध्यान में रखते हुए अपनी कृषि व्यवस्था में बदलाव कर रहा है. आजकल दुनिया में जैविक उत्पादों की मांग तेजी से बढ़ रही है. भारतीय किसानों के पास इस मांग को पूरा करने की पूरी क्षमता है, इसलिए सरकार प्राकृतिक खेती और इससे जुड़े उत्पादों की सप्लाई चेन को सशक्त कर रही है

# फिल्म सिटी के निर्माण के लिए हुआ करार

- फिल्म निर्माता बोनी कपूर और यीडा के सीईओ डा. अरूणवीर सिंह ने किए हस्ताक्षर
- मेरी फिल्म नो एंट्री का शुभारंभ इसी फिल्म सिटी से होगा : बोनी कपूर







**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा के पास जेवर में बन रहे जेवर एयरपोर्ट के पास फिल्म सिटी फिल्म निमार्ण के लिए फिल्म निर्माता बोनी कपूर ने एमओयू पर साइन कर दिया है। एमओयू पर फिल्म निर्माता बोनी कपूर तथा यमुना एक्सप्रेसवे औधिगिक विकास प्रधिकारण के ष्टश्वह्र डॉ अरुणवीर सिंह ने हस्ताक्षर किए। यमुना प्रधिकारण क्षेत्र के सेक्टर 21 में फिल्म सिटी का निमार्ण किया जाएगा। और ये फिल्म सिटी 2027 तक संचलित होने लगेगी। इस फिल्म सिटी का निमार्ण बोनी कपूर की कंपनी करेगी। यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में इंटरनेशनल फिल्म सिटी के लिए आज एमओयू हो गया है।फि़ल्मि निर्माता बोनी कपूर और प्राधिकरण के सीईओ डॉ अरुणवीर सिंह के बीच समझौता हुआ।यह फिल्म सिटी सेक्टर 21 मे में बनाई जा रही है। फि़ल्मि निर्माता (शेष पृष्ठ-3 पर)

# विधवा महिला की जमीन फर्जीवाड़ा कर लाखों में बेची

### ग्रेटर नोएडा में गिरोह के सात सदस्यत गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** विधवा महिला की जमीन को फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बेचने वाले गिरोह के 7 सदस्यों को थाना जेवर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से फर्जी आधार कार्ड, फर्जी पैन कार्ड, पासबुक, चेक बुक, एटीएम कार्ड, 107000 रुपए की नगदी बरामद हुई है। पकड़े गए गिरोह के सदस्य ऐसे लोगों की तलाश करते थे जो अपनी जमीन की देख रेख के लिए लंबे समय तक नहीं आते थे।

डीसीपी ग्रेटर नोएडा ने बताया कि जेवर निवासी गौतम सिंह पुत्र राजकुमार सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि कुछ लोगों ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर किसी महिला की जमीन बेच कर उससे 21 लाख रुपए हड़प लिए। सूचना के आधार पर पुलिस ने पुलिस ने विवेचना के बाद नीतू, जयवीर सिंह, ओमवीर उर्फ भूरा कुमार, सौरभ कुमार, रिंकू उर्फ देवी चरण राम, राहुल भाटी व प्रथम भाटी को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्हें जानकारी मिली थी कि कानपुर गांव रबूपुरा निवासी श्रीमती नीरज के पति की (शेष पृष्ठ-3 पर)

## प्यावली के पास नहर से बरामद हुआ युवक का शव

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** दोस्तों के साथ नहर में नहाने के दौरान गहरे पानी में डूबे युवक के शव को कड़ी मशक्कत के बाद देर शाम बरामद कर लिया गया। थाना जारचा पुलिस और एनडीआरएफ की टीम युवक की तलाश में कल सुबह से ही सर्च अभियान चला रही थी। कर रही। थाना प्रभारी अमित खारी ने बताया कि मंगलवार को सूचना मिली कि प्यावली गांव के पास नहर में एक युवक नहाते समय गहरे पानी में डूब गया है। सूचना के आधार पर तुरंत पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की (शेष पृष्ठ-3 पर)

## तमंचे के साथ बदमाश दबोचा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-20 पुलिस में एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। बदमाश के पास से एक तमंचा व कारतूस बरामद हुए हैं। उप निरीक्षक राहुल शर्मा पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त पर थे। इस दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि सेक्टर-28 कार मार्केट के पास एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में खड़ा हुआ है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने उक्त व्यक्ति को दबोच लिया। तलाशी में उसके पास से एक तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## लापरवाही के चलते दो मजदूरों की हुई थी मौत

### पोकलेन मशीन के ड्राइवर पर एफआईआर

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** आजयबपुर गांव के पास सीवर लाइन की खुदाई के दौरान हुई मजदूर की मौत के मामले में पोकलेन मशीन चालक के खिलाफ थाना दादरी में मुकदमा दर्ज कराया गया है। इस हादसे में दो मजदूर मिट्टी के ढ़ेर में दब गए थे जिनमें से एक की मौत हो गई थी।

ग्राम जाटोई सादाबाद हाथरस निवासी सुनहरी ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उनका बेटा सनी व आदित्य 26 जून की रात्रि को




अजायबपुर गांव के पास अथॉरिटी की सीवर लाइन का कार्य कर रहे थे। यह कार्य पंकज सिंह ठेकेदार द्वारा पोकलेन मशीन से कराया जा रहा था। मौके पर करीब 10 मजदूर लाइन जोड़ने का काम कर रहे थे। इस दौरान पोकलेन मशीन के ड्राइवर अनिल ने तेजी व लापरवाही से मशीन चलाकर साइड के दीवार में टक्कर मार दी। इस कारण करीब 12 फीट गहरे गड्ढे में काम कर रहे उनके बेटे सनी व आदित्य के ऊपर मिट्टी का ढ़ेर आ गिरा। साथ काम कर रहे मजदूरों ने पोकलेन की मदद से मिट्टी को हटाकर दोनों को बाहर निकाला। गंभीर स्थिति में दोनों को जिम्स अस्पताल पहुंचाया गया। यहां पर उनके बेटे सनी को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## आज दोपहर में होने वाली नोएडा प्राधिकरण की बोर्ड बैठक टली

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-6 स्थित बोर्ड रूम में आज दोपहर 1.00 बजे होने वाली नोएडा प्राधिकरण की बोर्ड बैठक अपरिहार्य कारणों के चलते टल गई है। बोर्ड बैठक की जानकारी बाद में घोषित की जाएगी।

नोएडा प्राधिकरण के शीर्ष अफसरों ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता करने के लिए आईडीसी तथा नोएडा प्राधिकरण के चेयरमैन मनोज कुमार सिंह को दोपहर 1.00 बजे पहुंचना था लेकिन वे किसी कारण व्यस्तता के चलते नोएडा

नोएडा एक उत्कृष्ट क्षेत्र

नहीं आ पाए। इसलिए आज फिलहाल बोर्ड बैठक को स्थगित कर दिया गया है।

आज की बोर्ड बैठक में विकास, अनुरक्षण, आवंटन और अंश धारिता और अन्य मदों से संबंधित 4 दर्जन से अधिक एजेंडे पेश होने थे। ये बोर्ड बैठक मार्च में हो जानी चाहिए थी लेकिन आचार संहिता के चलते नहीं हो सकी।

## चोर छत से कूदा हुआ घायल

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** हबीबपुर गांव के एक मकान में चोरी की वारदात को अंजाम देने के इरादे से घुसे चोर को गृह स्वामी ने पड़ोसियों की मदद से मौके पर दबोच लिया। चोर ने बचने के प्रयास में छत से भी छलांग लगा दी जिससे वह घायल हो गया। पकड़े गए चोर को थाना ईकोटेक-3 पुलिस के हवाले कर दिया गया है। हबीबपुर गांव निवासी राजेश ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह आकाश के मकान में किराए पर रह रहा है। 26 जून की रात्रि को वह अपने परिवार के साथ (शेष पृष्ठ-3 पर)

## 15 हजार करोड़ जीएसटी फ्रॉड में ईनामी बाबर खान गिरफ्तार

**नोएडा ( चेतना मंच )।** 15000 करोड रुपए के जीएसटी फर्जी मामले में वांछित चल रहे 25 हजार रूपए के इनामी आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। क्राइम रिस्पांस टीम सीआरटी व थाना सेक्टर-20 पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए आरोपी की गिरफ्तारी की है।

डीसीपी क्राइम शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि फर्जी फर्म बनाकर जीएसटी रिफंड लेकर सरकार को कई हजार करोड रुपए का राजस्व का चूना लगाने के आरोप में वांछित चल रहे बाबर खान को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए बाबर खान पर वांछित चलने के कारण नोएडा पुलिस द्वारा 25000 रूपये का इनाम भी घोषित किया गया था। उन्होंने बताया कि



इस मामले में अब तक करीब 45 से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। हाल ही में इस फर्जीवाड़े में शामिल तीन आरोपियों के खिलाफ कुर्की के आदेश भी जारी किए गए हैं। सूरजपुर कोर्ट ने बुधवार को इस मामले में वजीराबाद दिल्ली के पुनीत कुमार, ग्रेटर नोएडा लोटस विलस सेक्टर एक निवासी के मयूर उर्फ मनी और चारु नागपाल के खिलाफ कुर्की करने का आदेश जारी किया है। पुलिस इन आरोपियों की चल और अचल (शेष पृष्ठ-3 पर)

## अक्टूबर में तैयार हो जाएगा सिंथेटिक ट्रैक व एथलेटिक ग्राउंड ट्रैक

### खिलाड़ियों को प्रैक्टिस के लिए अब दिल्ली नहीं जाना होगा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा के खिलाड़ियों को अब प्रैक्टिस करने के लिए दिल्ली नहीं जाना होगा बल्कि नोएडा में ही प्रैक्टिस के लिए सिंथेटिक ट्रैक व एथलेटिक ग्राउंड ट्रैक मौजूद होगा।

सेक्टर-21ए नोएडा स्टेडियम में रामलीला मैदान के सामने खाली जमीन और अतिरिक्त रोड को मिलाकर सिंथेटिक ट्रैक एवं एथलेटिक ग्राउंड ट्रैक बनाया जाएगा। इसका काम जल्द शुरू होगा। ये ग्राउंड अक्टूबर में खिलाड़ियों के लिए खोल दिया जाएगा। प्राधिकरण इस पर 2.90 करोड़ रुपए खर्च करेगा। इसमें लॉग जंप, हाई जंप, रिले दौड़ के



अलावा अन्य खेल खेले जाएंगे और उनकी प्रैक्ट्रिस भी की जा सकेगी। इसके अलावा शूटिंग रेंज के प्रथम तल पर जिमनास्टिक हॉल भी तैयार कराया जाएगा। दरअसल नोएडा स्टेडियम में वर्तमान टेनिस (शेष पृष्ठ-3 पर)

## लूटपाट में शामिल बदमाश पुलिस मुठभेड़ में घायल



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना बीटा-2 पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दो शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया। इनके पास से पांच मोबाइल फोन, तमंचा, कारतूस व लूट की वारदातों में प्रयुक्त बाइक बरामद हुई है।

एडीसीपी अशोक कुमार ने बताया कि थाना प्रभारी विद्युत गोयल पुलिस टीम के साथ एनआरआई कट गंदे नाले के पास वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान बाइक पर आ रहे दो (शेष पृष्ठ-3 पर)

# आपातकाल का दंश

25 जून, 1975 यह तारीख 50वें साल में प्रवेश कर चुकी है। पुरानी है, लेकिन आज भी प्रासंगिक है। यह तारीख कभी भूली नहीं जा सकती, क्योंकि संविधान और लोकतंत्र विरोधी थी। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश पर आपातकाल थोप दिया था। न्यायपालिका और मीडिया तक को 'बंधक' बना लिया गया था। भारतीय प्रेस परिषद पर ताले जड़ दिए गए थे और स्वायत्त संस्थानों की स्वतंत्रता छीन ली गई थी। वही अखबार छप पाते थे, जिनकी एक-एक खबर पढ़ कर, सेंसर होकर, सूचना मंत्रालय अनुमति देता था। एक लाख से अधिक विपक्षी नेताओं, पत्रकारों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों को जबरन जेल में ठूंस दिया गया था। जमानत की कोई व्यवस्था नहीं थी। उन्होंने क्या अपराध किया था? वह लोकतांत्रिक कार्रवाई थी या तानाशाही आदेश थे? देश के खिलाफ न तो कोई युद्ध छेड़ा गया था और न ही बाहरी-आंतरिक गड़बडियां थीं। विरोध करना तो प्रतिपक्ष का लोकतांत्रिक अधिकार था। प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के चुनाव को एक अदालत ने 'अवैध' करार दिया था, लिहाजा वह चुनाव हार गई थीं। अदालत ने उन्हें छह साल के लिए चुनाव लडऩे को 'अयोग्य' भी घोषित कर दिया था। तत्कालीन तानाशाह प्रधानमंत्री ने सोचा होगा कि अदालत उनके खिलाफ ऐसा फैसला कैसे दे सकती है। आपसी विमर्श हुआ। तत्कालीन पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सिद्धार्थ शंकर रे ने सुझाव दिया कि अनुच्छेद 352 के तहत देश में आपातकाल लागू कर दिया जाए। नतीजतन अध्यादेश लेकर इंदिरा गांधी और सिद्धार्थ तत्कालीन राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद के पास गए। रात्रि करीब 11.30 बजे राष्ट्रपति ने अध्यादेश पर हस्ताक्षर किए। उसे इतना गोपनीय रखा गया कि किसी भी कैबिनेट मंत्री को भनक तक नहीं लगी। अगले दिन 26 जून की सुबह कैबिनेट बैठक प्रधानमंत्री ने बुलाई और मंत्रियों को आपातकाल के बारे में खुलासा किया। अचानक ऐसी खबर सुनकर सभी मंत्री भौंचक और स्तब्ध थे, लेकिन क्या कर सकते थे, क्योंकि वे सत्ता के कांग्रेसी गुलाम थे। बहरहाल प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने सुबह सात बजे ही आकाशवाणी पर घोषणा की, तो संविधान और लोकतंत्र पर 'काला धब्बा' छाप दिया गया। स्वतंत्र भारत में उस 'काले, तानाशाह दिन' का इतिहास भूला नहीं जा सकता। आज संसद भवन में इंदिरा गांधी की बहू सोनिया गांधी और पौत्र राहुल गांधी ने, विपक्षी नेताओं के संग, संविधान-पुस्तिका की प्रति लहराते हुए प्रदर्शन किया। उन्होंने खुद को 'संविधान का रक्षक' और प्रधानमंत्री मोदी को 'तानाशाह' करार दिया। कांग्रेस समेत 'इंडिया' गठबंधन ने इस छद्म नेरेटिव पर पूरा चुनाव लड़ा था कि मोदी सरकार वापस आई, तो संविधान बदल दिया जाएगा। लोकतंत्र खत्म हो जाएगा। बहरहाल चुनाव सम्पन्न हो चुके हैं। देश ने विभाजित जनादेश दिया है, लेकिन गठबंधन के बहुमत के आधार पर मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बन चुके हैं। उनके सभी प्रमुख मंत्री जीत कर दोबारा मंत्री भी बन चुके हैं। संसद में 18वीं लोकसभा का पहला दिन, पहला सत्र शुरू हुआ। नवनिर्वाचित सांसदों ने शपथ ली, लेकिन कांग्रेस समेत विपक्षी सांसद संविधान-पुस्तिका की प्रति लेकर संसद परिसर में आए। राहुल गांधी ने कहा कि कोई भी ताकत संविधान को छू नहीं सकती। सदन के भीतर जब प्रधानमंत्री सांसद के तौर पर शपथ लेने जा रहे थे, तो विपक्षी सीटों से संविधान की प्रति लहराई जा रही थी। मकसद और संकेत स्पष्ट थे। यह भी साफ हो गया कि विपक्ष आक्रामक रहेगा और सदन में हंगामा, अवरोध, नारेबाजी का माहौल रहेगा। विपक्ष सार्थक, सकारात्मक, जिम्मेदार भूमिका निभाने को बिल्कुल भी तैयार नहीं लगता। कमोबेश अब चुनाव के मुद्दे और मुद्रा छोड़ देने चाहिए। अब जनता ने ठोस और राष्ट्रहित कामों के लिए जनादेश दिया है, लिहाजा संसद के भीतर वही भूमिका होनी चाहिए, लेकिन विपक्ष अब भी झूठे नेरेटिव पर राजनीति करना चाहता है। हालांकि प्रधानमंत्री ने कुछ ऐसे शब्द कहे हैं, जिनसे वह कमजोर प्रतीत नहीं होते। प्रधानमंत्री के तेवर वही हैं और वह अपने विवेक के मुताबिक काम करने, फैसले लेने को तैयार दिखते हैं। उन्हें गठबंधन की चिंता नहीं है, लेकिन सवाल है कि यदि संविधान को खत्म किया जाना था अथवा लोकतंत्र समाप्त हो सकता था, तो मोदी सरकार को 10 लंबे साल हासिल थे। उन्होंने संविधान पर कौनसे हमले किए? यदि चुनाव हुए हैं, नई संसद आकार ले रही है, तो संविधान की स्थिति स्पष्ट है। क्या कांग्रेस आपातकाल का दौर भूल चुकी है? आपातकाल पर किसने माफी मांगी है? देश को यह स्पष्ट होना चाहिए।

# वायु प्रदूषण से होती लाखों मौतों के लिये कौन जिम्मेदार?

कहते हैं जान है तो जहान है, लेकिन भारत में बढ़ते प्रदूषण के कारण जान और जहान दोनों ही खतरे में हैं। देश की हवा में घुलते प्रदूषण का 'जहर' अनेक बार खतरनाक स्थिति में पहुंच जाना चिन्ता का बड़ा कारण हैं। प्रदूषण की अनेक बंदिशों एवं हिदायतों के बावजूद प्रदूषण नियंत्रण की बात खोखली साबित हो रही है। यह कैसा समाज है जहां व्यक्ति के लिए पर्यावरण, अपना स्वास्थ्य या दूसरों की सुविधा-असुविधा का कोई अर्थ नहीं है। जीवन-शैली ऐसी बन गयी है कि आदमी जीने के लिये सब कुछ करने लगा पर खुद जीने का अर्थ ही भूल गया, इस गंभीर होती स्थिति को यूनिसेफ और अमेरिका के स्वतंत्र अनुसंधान संस्थान 'हेल्थ इफेक्ट्स इंस्टीट्यूट' की साझेदारी में जारी रिपोर्ट ने बयां किया है, इस रिपोर्ट के आंकड़े परेशान एवं शर्मसार करने के साथ चिन्ता में डालने वाले हैं, जिसमें वर्ष 2021 में वायु प्रदूषण से 21 लाख भारतीयों के मरने की बात कही गई है। ज्यादा दुख की बात यह है कि मरने वालों में 1.69 लाख बच्चे हैं, जिन्होंने अभी दुनिया ठीक से देखी ही नहीं थी। निश्चय ही ये आंकड़े जहां व्यथित, चिन्तीत व परेशान करने वाले हैं। वहीं सरकार के नीति-नियंताओं के लिये यह शर्म का विषय होना चाहिए, लेकिन उन्हें शर्म आती ही कहा है? तनिक भी शर्म आती तो सरकारें एवं उनके कर्ता-धर्ता इस दिशा में गंभीर प्रयास करते। सरकार की नाकामयियां ही हैं कि जिन्दगी विषमताओं और विसंगतियों से घिरी होकर उसे कहीं से रोशनी की उम्मीद दिखाई नहीं दे रही है।



**जानलेवा वायु प्रदूषण न केवल भारत के लिये बल्कि दुनिया के लिये एक गंभीर समस्या है। चीन में भी इसी कालखंड में 23 लाख लोग वायु प्रदूषण से मरे हैं। जहां तक पूरी दुनिया में इस वर्ष मरने वालों की कुल संख्या का प्रश्न है तो यह करीब 81 लाख बतायी जाती है।**

जानलेवा वायु प्रदूषण न केवल भारत के लिये बल्कि दुनिया के लिये एक गंभीर समस्या है। चीन में भी इसी कालखंड में 23 लाख लोग वायु प्रदूषण से मरे हैं। जहां तक पूरी दुनिया में इस वर्ष मरने वालों की कुल संख्या का प्रश्न है तो यह करीब 81 लाख बतायी जाती है। चिंता की बात यह है कि भारत व चीन में वायु प्रदूषण से मरने वालों की कुल संख्या के मामले में यह आंकड़ा वैश्विक स्तर पर 54 फीसदी है। जो हमारे तंत्र की विफलता, गरीबी और प्रदूषण नियंत्रण में शासन-प्रशासन की कोताही एवं लापरवाही को ही दर्शाता है। इसमें आम आदमी की लापरवाही भी कम नहीं है। आम आदमी को पता ही नहीं होता है कि किन प्रमुख कारणों से वह प्रदूषण फैला रहा है और किस तरह वे इस जानलेवा प्रदूषण को नियंत्रित करने में सहयोगी हो सकते हैं। प्रश्न है कि आम आदमी एवं उसकी जीवनशैली वायु प्रदूषण को इतना बेपरवाह होकर क्यों फैलाती है? क्यों आदमी मृत्यु से नहीं डर रहा है? क्यों भयभीत नहीं है? देश की जनता दुख, दर्द और संवेदनहीनता के जटिल दौर से रूबरू है, प्रदूषण जैसी समस्याएं नये-नये मुखौटे ओढ़कर डराती है, भयभीत करती है। विडम्बना तो यह है कि विभिन्न राज्यों की सरकारें इस विकट होती समस्या का हल निकालने की बजाय राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप करती है, जानबूझकर प्रदूषण फैलाती है ताकि एक-दूसरे की छीछालेदर कर सके। प्रदूषण के नाम पर भी कोरी राजनीति का होना दुर्भाग्यपूर्ण है।

दिल्ली सहित उत्तर भारत के ज्यादातर इलाकों में प्रदूषण का बेहद खतरनाक स्थिति में बना रहना चिन्ता में डालता है। हालत ये बनते हैं कि कभी-कभी सांस लेना मुश्किल हो जाता है और लोगों को घरों में ही रहने को मजबूर होना पड़ता है। दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, फरीदाबाद, गुरुग्राम में प्रदूषण का बड़ा कारण पड़ोसी राज्यों से आने वाला पराली का धुआं होता है। पराली के बाद पटाखों का धुआं भी बड़ी समस्या है, इसके अलावा सड़कों पर लगातार बढ़ते निजी वाहन, गुणवत्ता के ईंधन का उपयोग न होना, निर्माण कार्य खुले में होना, उद्योगों की घातक गैसों व धुएं का नियमन न होने एवं बढ़ता धूम्रपान जैसे अनेक कारण वायु प्रदूषण बढ़ाने वाले हैं। वहीं दूसरी ओर आवासीय कॉलोनियों व व्यावसायिक संस्थानों का विज्ञानसम्मत ढंग से निर्माण न हो पाना भी प्रदूषण बढ़ाने की एक वजह है। यह कैसी शासन-व्यवस्था है? यह कैसा अदालतों की अवमानना का मामला है? यह सभ्यता की निचली सीढ़ी है, जहां तनाव-ठहराव की स्थितियों के बीच हर व्यक्ति, शासन-प्रशासन प्रदूषण नियंत्रण के अपने दायित्वों से दूर होता जा रहा है।

यूनीसेफ की रिपोर्ट में वायु प्रदूषण से 1 लाख 69 हजार बच्चे जिनकी औसत आयु पांच साल से कम बतायी गई है, मौत के शिकार होते हैं। जानलेवा प्रदूषण का प्रभाव गर्भवती महिलाओं पर होने से बच्चे समय से पहले जन्म ले लेते हैं, इनका समुचित शारीरिक विकास सही ढ़ंग से नहीं हो पाता। इससे बच्चों का कम वजन का पैदा होना, अस्थमा तथा फेफड़ों की बीमारियां से पीड़ित होना हैं। हमारे लिये चिंता की बात यह है कि बेहद गरीब मुल्कों नाइजीरिया, पाकिस्तान, बांग्लादेश, इथोपिया से ज्यादा बच्चे हमारे देश में वायु प्रदूषण से मर रहे हैं। विडंबना यह है कि ग्लोबल वार्मिंग तथा जलवायु परिवर्तन के संकट ने वायु प्रदूषण से होने वाली मौतों की संख्या को बढ़ाया ही है। एक अरब चालीस करोड़ जनसंख्या वाले देश भारत के लिये यह संकट बहुत बड़ा है। दिल्ली सहित देश के कई महानगरों में प्रदूषण जीवन का अभिन्न हिस्सा बन गयी है। हर कुछ समय बाद अलग-अलग वजहों से हवा की गुणवत्ता का स्तर 'बेहद खराब' की श्रेणी में दर्ज किया जाता है और सरकार की ओर से इस स्थिति में सुधार के लिए कई तरह के उपाय करने की घोषणा की जाती है। हो सकता है कि ऐसा होता भी हो, लेकिन सच यह है कि फिर कुछ समय बाद प्रदूषण का स्तर गहराने के साथ यह सवाल खड़ा होता है कि आखिर इसकी असली जड़ क्या है और क्या सरकार की कोशिशें सही दिशा में हो पा रही है? इस विकट समस्या से मुक्ति के लिये ठोस कदम उठाने होंगे। सिर्फ दिल्ली ही नहीं, देश के कई शहर वायु प्रदूषण की गंभीर मार झेलते हैं। इसका पता तब ज्यादा चलता है जब वैश्विक पर्यावरण संस्थान अपने वायु प्रदूषण सूचकांक में शहरों की स्थिति को बताते हैं। पिछले कई सालों से दुनिया के पहले बीस प्रदूषित शहरों में भारत के कई शहर दर्ज होते रहे हैं। जाहिर है, हम वायु प्रदूषण के दिनोंदिन गहराते संकट से निपट पाने में तो कामयाब हो नहीं पा रहे, बल्कि जानते-बूझते ऐसे काम करने में जरा नहीं हिचकिचा रहे जो हवा को जहरीला बना रहे हैं।

चिंता की बात यह है कि दक्षिण एशिया में मृत्यु दर का सबसे बड़ा कारण वायु प्रदूषण ही है। उसके बाद उच्च रक्तचाप, कुपोषण तथा तंबाकू सेवन से होने वाली मौतों का नंबर आता है। दरअसल, गरीबी और आर्थिक असमानता के चलते बड़ी आबादी येन-केन-प्रकारेण जीविका उपार्जन में लगी रहती है, उसकी प्राथमिकता प्रदूषण से बचाव के बजाय रोटी ही है। वहीं ढुलमुल कानूनों, तंत्र की काहिली तथा जागरूकता के अभाव में वायु प्रदूषण रोकने की गंभीर पहल नहीं हो पाती। मुश्किल यह है कि वायुमंडल के घनीभूत होने की वजह से जमीन से उठने वाली धूल, पराली की धुंध और वाहनों से निकलने वाले धुएं के छंटने की गुंजाइश नहीं बन पाती है। नतीजन, वायु में सूक्ष्म जहरीले तत्व घुलने लगते हैं और प्रदूषण के गहराने की दृष्टि से इसे खतरनाक माना जाता है। हमारा राष्ट्र एवं दिल्ली सहित अन्य राज्यों की सरकारें नैतिक, आर्थिक, राजनैतिक और सामाजिक एवं व्यक्तिगत सभी क्षेत्रों में मनोबल के दिवालिएपन के कगार पर खड़ी है। और हमारा नेतृत्व गौरवशाली परम्परा, विकास और हर प्रदूषण खतरों से मुकाबला करने के लिए तैयार है, का नारा देकर अपनी नेकनीयत का बखान करते रहते हैं। पर उनकी नेकनीयती की वास्तविकता किसी से भी छिपी नहीं है, देश में वायु प्रदूषण से होने वाली मौतों के हेल्थ इफेक्ट्स इंस्टीट्यूट के आंकड़े इस वास्तविकता को उजागर करते हुए प्रदूषण की समस्या का कोई दीर्घकालिक और ठोस हल निकालने के लिये चेता रहे हैं।

**- ललित गर्ग**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**

# योग दिवस पर एक ही दिन में बने कई विश्व रिकॉर्ड

योग का भारत में संस्कृति के साथ सदियों पुराना जुड़ाव है बल्कि यूं भी कह सकते हैं कि भारत में योग की शुरूआत भारतीय संस्कृति के साथ ही जुड़ी है। भारत ने पूरी दुनिया को योग करना सिखाया है और भारत के कारण ही दुनिया के तमाम देश अब योग की महत्ता को समझने लगे हैं। करीब 5000 वर्ष पहले भारत से शुरू हुई योग की परंपरा शरीर और मन के बीच सामंजस्यपूर्ण संतुलन प्राप्त करने के लिए शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक अनुशासन को जोड़ती है। 'योग' शब्द संस्कृत से लिया गया है, जिसका अर्थ है 'जुड़ना' अथवा 'एकजुट होना', जो शरीर और चेतना के मिलन का प्रतीक है। भारत की प्राचीन परंपराओं में गहराई से निहित योग वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य और आध्यात्मिक कल्याण के प्रतीक के रूप में कार्य करता है। 11 दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में योग को वैश्विक मान्यता मिलने के बाद से पिछले 10 वर्षों में योग दिवस पर कई रिकॉर्ड बने हैं।

2015 से लेकर अब तक अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के नाम कई रिकॉर्ड 'गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स' में दर्ज हो चुके हैं। 2015 में पहले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दिल्ली में राजपथ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ कुल 35985 भारतीयों ने एक साथ योग करके सबसे बड़े योग सत्र का पहला विश्व रिकॉर्ड बनाया था जबकि दूसरा रिकॉर्ड एक ही स्थान पर योग सत्र में कुल 84 देशों के भाग लेने पर बना था। योग को लेकर एक विश्व रिकॉर्ड तब बना था, जब 2018 में राजस्थान के कोटा में करीब 1.05 लाख लोगों ने एक साथ योगाभ्यास किया था। 2023 में दुनियाभर से कुल 23.4 करोड़ लोगों ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में भाग लेकर भी विश्व रिकॉर्ड कायम किया था, वहीं 2023 में ही गुजरात के सूरत में योग दिवस कार्यक्रम में योग सत्र में 1.53 लाख लोगों ने एक साथ हिस्सा लेकर नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया था। उस योग कार्यक्रम के लिए करीब 300 मीटर चौड़ी दो सड़कों के 4 किलोमीटर लंबे हिस्से को योग प्रतिभागियों कालीन से ढ़का गया था। उससे पहले यह रिकॉर्ड 2018 में राजस्थान के कोटा शहर के नाम दर्ज था, जहां योग सत्र में करीब एक लाख लोग जुटे थे।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर इस वर्ष तो कई रिकॉर्ड बने। देश-विदेश में फैली आध्यात्मिक संस्था ब्रह्माकुमारीज ने भी इस अवसर पर एक नया रिकॉर्ड कायम किया। ब्रह्माकुमारीज के आबूरोड़ स्थित अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय के साथ 140 देशों में फैले इसके 9000 केंद्रों पर करीब एक करोड़ लोगों ने एक साथ योग किया जबकि आबूरोड़ स्थित मुख्यालय पर 10 हजार लोगों ने एक साथ योगाभ्यास किया। वहीं, हिमालयन सिद्ध योग गुरु अक्षर के दूरदर्शी नेतृत्व में तो अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक नया इतिहास रचा गया। 'अक्षर योग केंद्र' ने 5 विशिष्ट योगासनों का वैश्विक मानकों पर सफलतापूर्वक प्रदर्शन करके 5 नए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाए और 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव कार्यक्रमों की श्रृंखला में आयोजित इस स्पर्धा के जरिये योग की सार्वभौमिक अपील यानी शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण के लिए इसके गहन लाभों का संदेश पूरी दुनिया देने का प्रयास किया गया। इन पांच वैश्विक कीर्तिमान स्थापित करने वाले आसनों में नौकासन, कौंडिन्य आसन (ऋषि कौंडिन्य मुद्रा), चक्रासन, भगवान शिव की एक मुद्रा नटराजासन, पांच मिनट तक लगातार सूर्य नमस्कार का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया गया।

हालांकि अक्षर योग केंद्र ने त्रिपुरा वासिनी, पैलेस ग्राउंड, बेंगलुरु में प्रभावशाली वैश्विक भागीदारी में सांस्कृतिक और भौगोलिक सीमाओं को पार करने की योग की क्षमता को प्रदर्शित करते हुए कुल सात आसनों के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिए प्रयास किया था लेकिन गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की अंतर्राष्ट्रीय टीम ने सभी मानकों का अध्ययन करने के बाद इनमें से पांच आसनों में रिकॉर्डों को मान्यता प्रदान की जबकि दो आसनों पर रिकॉर्ड की मान्यता अभी समीक्षाधीन है, जिन्हें विचार के लिए लंदन भेजा जाएगा। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के वरिष्ठ निर्णायक स्वप्निल डांगरीकर और ऋषिनाथ के मुताबिक 5 रिकॉर्ड सफलतापूर्वक पूरे किए गए थे। इसकी पुष्टि करते हुए स्वप्निल डांगरीकर का कहना था, "मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि टीम अक्षर योग केंद्र ने सफलतापूर्वक 5 नए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड खिताब स्थापित किए हैं और मुझे याद नहीं आता कि मैंने एक ही दिन में इतने सारे गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के प्रमाणपत्र दिए हैं।"

अक्षर योग केंद्र द्वारा ये विश्व रिकार्ड बनाने के लिए आयोजित कार्यक्रम में सभी क्षेत्रों से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था, जिनमें छात्र, अनाथालयों के बच्चे, व्यापारिक समुदाय के सदस्य और कॉरपोरेट घराने भी शामिल थे। इसमें भाग लेने वाले एनसीसी ग्रुप 'ए' बेंगलुरू के 1200 से अधिक एनसीसी कैडेटों का भी विशेष योगदान रहा। उनके साथ उप महानिदेशक, एनसीसी डीटीई कर्नाटक और गोवा, ग्रुप कमांडर, एनसीसी ग्रुप मुख्यालय 'ए' बेंगलुरु, कमांडिंग ऑफिसर, एसोसिएट एनसीसी अधिकारी, ग्रुप 'ए' एनसीसी बटालियन के स्थायी प्रशिक्षक भी इस भव्य आयोजन का हिस्सा थे। इस गरिमामय समारोह में 20 से अधिक विभिन्न देशों के प्रतिभागी शामिल हुए थे। हिमालयन सिद्ध योग गुरु अक्षर के अनुसार योग दिवस के मौके पर ये रिकॉर्ड बनाने का उद्देश्य वैश्विक स्तर पर योग के असंख्य लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाना, दुनियाभर के लोगों को समग्र स्वास्थ्य और आंतरिक शांति के लिए इस अभ्यास को एकीकृत करने के लिए प्रोत्साहित करना है। हिमालयन सिद्ध अक्षर के नेतृत्व में इस अवसर पर योग के गहन प्रभावों पर भी प्रकाश डाला गया, साथ ही समर्पित अभ्यास के माध्यम से अनुशासन का प्रदर्शन किया गया।

उल्लेखनीय है कि शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक स्पष्टता और आध्यात्मिक विकास को बढ़ावा देने के लिए समर्पित अक्षर योग केंद्र इसके विविध लाभों को प्रदर्शित करने के लिए नियमित रूप से फिटनेस शिविर, मुद्रा कार्यशालाएं और ध्यान सत्र आयोजित करता है। हिमालयन सिद्ध अक्षर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित एक आध्यात्मिक योग गुरु हैं, जो अक्षर योग केंद्र के संस्थापक, अध्यक्ष, पाठ्यक्रम निदेशक, विश्व योग संगठन के अध्यक्ष तथा अंतरराष्ट्रीय सिद्ध फाउंडेशन के अध्यक्ष हैं। योग गुरु अक्षर का कहना है कि योग शरीर, मन और आत्मा का एक अभिन्न अंग है।

योग इन तत्वों को एकजुट करता है और मानवता के लिए एक अनमोल उपहार के रूप में कार्य करता है। एक साथ पांच विश्व रिकॉर्ड कायम करने की उपलब्धि को लेकर उनका कहना है कि यह अविस्मरणीय घटना वास्तव में लोगों के लिए एक आशीर्वाद है, जो उन्हें योग के अभ्यास को अपनाने के लिए प्रेरित करती है। यह दुनियाभर में एक शक्तिशाली संदेश भेजती है, जिससे हर किसी को योग के गहन महत्व और इसके लाभों का अहसास होता है। इसके अलावा यह उपलब्धि हमारे देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को उजागर करती है, साथ ही समग्र स्वास्थ्य और आध्यात्मिक कल्याण को बढ़ावा देने में वैश्विक नेता के रूप में भारत की स्थिति को भी मजबूत करती है।

अक्षर योग केंद्र द्वारा एक साथ बनाए गए पांच विश्व रिकॉर्ड के अलावा एशियन योग चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता 20 वर्षीया भूमि तिवारी ने भी जश्न-ए-आजादी ट्रस्ट और भारतीय आदर्श योग संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में मोती महल के लॉन में आयोजित 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम के दौरान 'रामदूत आसन' की मुद्रा को निरंतर 35 मिनट और 27 सैकेंड तक बनाए रखते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया।

**- योगेश कुमार गोयल**

# रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि चतुर पुरुष उसी कविता का आदर करते हैं, जो सरल हो और जिसमें निर्मल चरित्र का वर्णन हो तथा जिसे सुनकर शत्रु भी स्वाभाविक बैर को भूलकर सराहना करने लगें॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**सो न होई बिनु बिमल मति मोहि मति बल अति थोर।**
**करहु कृपा हरि जस कहउँ पुनि पुनि करउँ निहोर॥**

ऐसी कविता बिना निर्मल बुद्धि के होती नहीं और मेरी बुद्धि का बल बहुत ही थोड़ा है, इसलिए बार-बार निहोरा करता हूँ कि हे कवियों! आप कृपा करें, जिससे मैं हरि यश का वर्णन कर सकूँ॥

**कबि कोबिद रघुबर चरित मानस मंजु मराल।**
**बालबिनय सुनि सुरुचि लखि मो पर होहु कृपाल॥**

कवि और पण्डितगण! आप जो रामचरित्र रूपी मानसरोवर के सुंदर हंस हैं, मुझ बालक की विनती सुनकर और सुंदर रुचि देखकर मुझ पर कृपा करें॥

वाल्मीकि, वेद, ब्रह्मा, देवता, शिव, पार्वती आदि की वंदना

**बंदउँ मुनि पद कंजु रामायन जेहिं निरमयउ।**
**सखर सुकोमल मंजु दोष रहित दूषन सहित॥**

मैं उन वाल्मीकि मुनि के चरण कमलों की वंदना करता हूँ, जिन्होंने रामायण की रचना की है, जो खर (राक्षस) सहित होने पर भी (खर (कठोर) से विपरीत) बड़ी कोमल और सुंदर है तथा जो दूषण (राक्षस) सहित होने पर भी दूषण अर्थात दोष से रहित है॥

(क्रमशः:..)

# राशिफल

**आषाढ़ शुक्ल पक्ष : षष्ठी** | **(विक्रम संवत् 2081)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
मानसिक दुविधा बनी रहेगी। यात्रा में कष्ट संभव है। आय में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। प्रेम-संतान मध्यम।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
पिता के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। स्वयं के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। व्यापार में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। प्रेम-संतान अच्छा है।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
अपमानित होने का भय रहेगा। यात्रा में कष्ट संभव है। कार्यों में विघ्न-बाधा आएगी। स्वास्थ्य ठीकठाक है। प्रेम-संतान अच्छा है।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
स्वास्थ्य पर ध्यान दें। चोट-चपेट से बचें। प्रेम-संतान की स्थिति अच्छी है। व्यापार भी अच्छा है।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
जीवनसाथी के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। स्वयं के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। नौकरी-चाकरी में कोई रिस्क न लें।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
विरोधियों पर भारी पड़ेंगे। रुका हुआ कार्य चल पड़ेगा। स्वास्थ्य नरम-गरम। प्रेम-संतान अच्छा। व्यापार भी अच्छा।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
प्रेम में तूतू-मैंमैं का संकेत हैं। बच्चों की सेहत पर ध्यान दें। मानसिक दवाब झेलेंगे। स्वास्थ्य दिक्कत में रहेगा।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
घरेलू सुख बाधित रहेगा। भूमि, भवन व वाहन की खरीदारी में परेशानी होगी स्वास्थ्य मध्यम। प्रेम-संतान ठीकठाक।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)**
कंधे में, नाक-कान व गला में परेशानी हो सकती है। प्रेम-संतान ठीका भरपूर सहयोग मिलेगा। व्यापार मध्यम रहेगा।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
जुआ, सट्टा व लॉटरी में पैसे न लगाएं। जुबान पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। प्रेम-संतान की स्थिति अच्छी रहेगी।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। एक भ्रामक-सा मन रहेगा। स्वास्थ्य मध्यम। प्रेम-संतान की स्थिति अच्छी।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
सिरदर्द, नेत्रपीड़ा, अज्ञात भय, खर्च की अधिकता, मानसिक परेशानी बनी रहेगी। प्रेम-संतान की स्थिति अच्छी नहीं है।

# महापंचायत में उमड़ी भीड़ देख अधिकारियों के हाथ-पांव फूले



**नोएडा ( चेतना मंच )।** सैक्टर-142 शहदरा गांव में नोएडा विकास प्राधिकरण के तानाशाह रवैए के विरोध में भारतीय किसान यूनियन (बलराज) के नेतृत्व में कल हुई महापंचायत में किसानों का उमडा जनसैलाब देख अधिकारियों के हाथ पांव फूल गये। भारतीय किसान यूनियन (बलराज) के राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराज भाटी ने किसानों को सम्बोधित करते कहा कि एक ही जिले गौतमबुद्धनगर मै तीन तीन प्राधिकरण सरकार ने किसानों के साथ धोखाधड़ी और लूटपाट के लिए स्थापित किए गए है तीनों प्राधिकरणों ने किसानों को चहुंमुखी विकास का सपना दिखाकर किसानों की ज़मीनों को सस्ते दामों लिया और जो किसानों के लिखित करारनामें प्राधिकरण से हुए उन लिखित करारनामें होते हुए भी प्राधिकरण मुकर रहे है राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराज भाटी का कहना है कि किसानों के विकास के बजाय किसानों का विनाश हुआ है और प्राधिकरण और अघिकारियों का ही विकास हुआ है।

राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार वीएम सिंह ने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि यदि नोएडा, ग्रेटर नोएडा,के किसानों का प्राधिकरणों ने उनका हक नही दिया और तानाशाह रवैया नही बदला तो प्राधिकरणों को गौतमबुद्धनगर से पूरे देश का किसान खदेड़ने का काम करेंगें महापंचायत को भारतीय किसान यूनियन (वेल्फेयर फाऊँडेशन) उत्तराखंड के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालसिंह गुर्जर, भारतीय किसान यूनियन (किसान) के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन ठाकुर, भारतीय किसान यूनियन (प्रधान) के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव प्रधान, भारतीय किसान यूनियन (शंकर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर, भारतीय किसान यूनियन (इंडिया) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चमन प्रधान, फौजी,भारतीय किसान यूनियन (स्वराज) के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप पांडे, भारतीय किसान यूनियन (सभा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष गीता भाटी, किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास जतन प्रधान, भारतीय किसान यूनियन (शिवपाल) के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेन्द्र प्रधान, किसान संघर्ष समिति ऐच्छर ,भारतीय किसान यूनियन (संघर्ष) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चरणजीत गुर्जर, शक्ति मंच (सिलाई) आदि किसान संगठनों ने महापंचायत को सम्बोधित किया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा रेखा सिवाल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एडवोकेट विजय प्रताप सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता एडवोकेट पवन सोम, प्रदेश अध्यक्ष दिल्ली आई वी राघव, अध्यक्ष हातम सिंह भाटी,पूर्वी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष अवधेश यादव ,कन्नौज जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह ,प्रदेश अध्यक्ष युवा विपिन खारी, प्रदेश उपाध्यक्ष गिरीश भाटी,कानपुर जिलाध्यक्ष अमित कुमार, मंडल अध्यक्ष आगरा मनोज कुमार, नोएडा महानगर अध्यक्ष योगेश वैष्णव, पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष संदीप भाटी, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश भडाना राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य चंद्रपाल बंसल, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष रोहित भाटी, जिलाध्यक्ष रामबीर भाटी, जिलाध्यक्ष बुलन्दशहर हेमन्त पडिंत, पश्चिमी उत्तर प्रदेश युवा भोलू पडिंत, जनसंख्या समाधान फाऊँडेशन राष्ट्रीय अध्यक्ष रवीन्द्र गुर्जर,जिलाध्यक्ष हरिद्वार नीतू ठाकुर, मीनाक्षी,राष्ट्रीय महासचिव सोनिया शर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनिता गौतम,सरिता आदि किसान मौजूद रहे।

# अवैध फार्म हाउस पर मुख्यमंत्री का आदेश बेअसर



**नोएडा( चेतना मंच )।** सेक्टर 151 में अवैध रूप से संचालित हो रहे फॉर्म हाउस पर नोएडा प्राधिकरण के कुछ अधिकारियों की विशेष कृपा हो रही है। अधिकारी इस फार्म हाउस मालिक से सांठगांठ कर जहां अपनी जेब भर रहे हैं। वहीं मुख्यमंत्री के आदेशों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। बताया जाता है कि सेक्टर-151 में स्थित स्पोर्ट्स लैण्ड नाम से संचालित फार्म हाउस में अवैध रूप से सारे काम हो रहे हैं। अभी हाल ही में पुलिस ने एक विशेष कार्रवाई के तहत एक फार्म हाउस में छापा मार कर कई लड़कियों एवं युवकों को गिरफ्तार किया था। कमोबेश यही काम इस फार्म हाउस में भी किया जा रहा है।

इस फार्म हाउस की शिकायत स्थानीय लोगों ने सांसद डॉ महेश शर्मा से कुछ दिन किया था जिस पर सांसद ने पूर्व त्यरित कार्यवाही को लेकर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा को पत्र लिखा था। जब इस संबंध में वर्क सर्किल 10 के वरिष्ठ प्रबंधक प्रवीण सलोनिया से बात की गई तो उन्होंने कहा कि प्राधिकरण द्वारा तोड़फोड़ के लिए स्थानीय थाने से फोर्स मांगी गई थी जो अभी तक मिल नहीं पाई है वहीं प्राधिकरण अधिकारी बहाने बनाकर मामले को टालने में लगे हुए हैं।

सूत्र बताते हैं कि किसानों की जमीन को जबरन कब्जा कर उक्त अवैध फार्म हाउस के मालिक प्लाटिंग करने का काम कर रहा है। अब देखना यह है कि उक्त फार्म हाउस के खिलाफ नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी कार्रवाई करते हैं या नहीं या तो भविष्य के गर्भ में है। लेकिन इतना जरूर है कि फार्म हाउस के क्षेत्र में तैनात नोएडा प्राधिकरण के कुछ अधिकारी मालामाल जरूर हो रहे हैं।

बताते चलें कि इस फार्म हाउस के खिलाफ भाजपा के मंडल अध्यक्ष महेश शर्मा ने भी मुख्यमंत्री से लेकर नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी तक को पत्र लिख चुके हैं। लेकिन अभी तक कार्रवाई नहीं हो पाई जब भाजपा के लोग शिकायत करें और कार्रवाई न हो तो आम जनमानस का क्या हाल होगा इसी बात से सहज अंदाजा लगाया जा सकता है।

## ओवैसी को तत्काल हटाया जाये : प्रधान



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** हिंदू युवा वाहिनी के नेता चैनपाल प्रधान ने राष्ट्रपति को पत्र लिखकर असदुद्दीन ओवैसी को सांसद पद से हटाने की मांग की है। उन्होंने फिलिस्तीन की निंदा करते हुए कहा कि आज लोकतंत्र के मंदिर में शपथ ग्रहण के दौरान असदुद्दीन ओवैसी का जय फिलिस्तीन कहना देश की मर्यादा के खिलाफ है।

## थानाध्यक्ष के खिलाफ एडीसीपी को सौंपा ज्ञापन



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** किसान सभा के जिला उपाध्यक्ष के साथ दादरी थाना अध्यक्ष द्वारा की गई अभद्रता के विरोध में किसान सभा ने एडीसीपी ग्रेटर नोएडा अशोक कुमार शर्मा को कल एक ज्ञापन देकर उनके विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। किसान सभा के जिला उपाध्यक्ष सुशील सुनपुरा आमका गांव के एक किसान की कॉलोनाइजर द्वारा जबरन खरीद के विरोध में थाना अध्यक्ष से सिफारिश करने दादरी पहुंचे थे। थाना अध्यक्ष सुजीत उपाध्याय ने उनकी बात सुनने से पहले ही सुशील एवं उनके साथ गए किसान और वकील सभी को गालियां देते हुए मुकदमा दर्ज करने करने की धमकी दी।

## कौशल विकास प्रशिक्षण में पूसा संस्थान के प्रधान वैज्ञानिको का उद्यान विषय पर व्याख्यान

**दनकौर ( चेतना मंच )।** सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मेरठ के अंतर्गत संचालित कृषि विज्ञान केंद्र, गौतम बुध नगर द्वारा तीन दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम सोलेनसियस क्रॉप कल्टीवेटर उद्यान विषय के द्वितीय दिवस में प्रशिक्षार्थियों को देश के सर्वश्रेष्ठ अनुसंधान संस्थान, भा.कृ.अ.प.- भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान से आये उद्यान वैज्ञानिको के व्याख्यान का लाभ मिला ţ केंद्र के अध्यक्ष/ प्राध्यापक डॉ मयंक कुमार राय द्वारा प्रशिक्षार्थियों को इस प्रशिक्षण में आये वैज्ञानिको एवं विशेषज्ञों के अनुभवों से खेती में नवाचार को सीखकर इसे अपनाने की सलहा दी साथ ही प्रशिक्षार्थियों का उत्साह- वर्धन किया।

सर्वप्रथम केंद्र अध्यक्ष द्वारा पूसा के वैज्ञानिको का स्वागत किया गया,




प्रशिक्षण के दौरान पूसा संस्थान के प्रधान वैज्ञानिक डॉ अवनि कुमार सिंह द्वारा प्रशिक्षार्थियों को सोलेनसियस फसल की उन्नत उत्पादन तकनीक में हाई-टेक सब्जी नर्सरी उत्पादन, संरक्षित खेती- (टमाटर, कलर शिमला मिर्च, खीरा, ककड़ी, छप्पन कद्दू), बून्द-बून्द सिचाई पद्धति, प्लास्टिकल्चर, जल-संरक्षक, कम लागत वाली लो-टनल नर्सरी, संरक्षित संरचना को कम लागत में तैयार करने एवं अधिक आर्थिक लाभ लेने का तरीका डॉ सिंह सर के व्याख्यान में शामिल था। पूसा संस्थान के वैज्ञानिक डॉ गोगराज सिंह जाट द्वारा कृषको एवं युवाओ को सब्जी किस्मों पर चल रहे अनुसंधान, विकास एवं उन्नत सब्जीयो के बीज-किस्मो की जानकारी उनके विशेष गुणों के साथ एवं पादप सुरक्षा की जानकारी दी गई। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र, गौतम बुध नगर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ मोहन सिंह (मृदा विज्ञान), डॉ विनीता सिंह (ग्रह विज्ञान), वैज्ञानिक डॉ सुनील प्रजापति (उद्यान विज्ञान), श्री आशु अरोरा, कार्यक्रम सहायक (कंप्यूटर) एवं श्री प्रदुमन (सहायक) का विशेष योगदान रहा।



**श्रमिकों की समस्याओं के समाधान हेतु एडिशनल लेबर कमिश्नर ने ट्रेड यूनियन नेताओं के साथ बैठक की। बैठक में हिस्सा लेते सीटू के जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा।**



**शहदरा में भाकियू ( बलराज ) का धरना आज भी जारी रहा।**

## पृष्ठ एक के शेष....

**आपातकाल संविधान...**

दूरगामी नीतियों और भविष्य के विजन का प्रभावी दस्तावेज होगा. बड़े आर्थिक और सामाजिक फैसलों के साथ-साथ इस बजट में कई ऐतिहासिक कदम भी देखने को मिलेंगे।

राष्ट्रपति ने कहा कि भारत की विकास गति को तेज किया जाएगा. ग्रोथ की निरंतरता हमारी गारंटी है और आने वाले बजट में ऐतिहासिक कदम दिखेंगे. किसानों का जिक्र करते हुए ग्रृपति ने कहा कि किसानों को 20 हजार करोड़ ट्रांसफर किए गए। हम किसानों को ज्यादा से ज्यादा आत्मनिर्भर करेंगे।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि ये दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव था, करीब 64 करोड़ मतदाताओं ने उत्साह और उमंग के साथ अपना कर्तव्य निभाया है. इस बार भी महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर मतदान में हिस्सा लिया है। इस चुनाव की बहुत सुखद तस्वीर जम्मू-कश्मीर से भी सामने आई है। कश्मीर घाटी में वोटिंग के अनेक दशकों के रिकॉर्ड टूटे हैं।

**15 हजार करोड़...**

संपत्ति की जानकारी जुटा रही है। डीसीपी क्राइम ने बताया कि जून 2023 में फर्जी कंपनियां बनाकर देश भर में इनपुट टैक्स क्रेडिट के नाम पर हजारों करोड रुपए के फर्जीवाड़े का पर्दाफाश नोएडा कमिश्नरेट पुलिस ने किया था।इस मामले में 45 से अधिक आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में कई बड़े व्यवसाई भी शामिल हैं।

**अक्टूबर में तैयार...**

बेडमिंटन के अलावा इंडोर स्टेडियम है। यहां कई तरह की एक्टिविटी की जाती है। लेकिन अब भी जिमनास्ट और एथलेटिक खिलाड़ियों को दिल्ली ही जाना पड़ता है। इसलिए अब यही स्टेडियम में एथलेटिक ग्राउंड बनाया जा रहा है। इससे खिलाड़ियों के समय की बचत होगी। साथ ही यहा ट्रैनिंग के अनुभवी कोच भी रखे जाएंगे। इसका निर्माण आगामी एक महीने में शुरू कर दिया जाएगा। जिसे अक्टूबर में पूरा किया जाएगा।

**फिल्म सिटी के...**

बोनी कपूर कहा कि हर तरह की सुविधाएँ मिलेंगी। किसी भी फिल्म निर्माताओं को अपनी तीन लाना होगा और काम करेगा जो एक बार यह काम कर लेगा वे बार बार यही आकर काम करना चाहेगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ फिल्म इंडस्ट्रीज़ को बढ़ावा देने के लिए काम कर रहे हैं और क्क में मिलने वाली सब्सिडी को सरल बनाने की ज़रूरत है। एमओयू बोनी कपूर ने कहा कि विदेश में बनी फिल्म सिटी काफ़ी अच्छा काम कर रही है। उदाहरण दिया और कहा कि वह अच्छा इंसेंटिव मिलते हैं जिसके चलते लोग अट्रेक्टिव होते हैं।

यूपी में फिल्म उद्योग को बढ़ावा देने के लिए प्रस्तावित फिल्म सिटी परियोजना के लिए यीडा और बोनी कपूर की कंपनी के बीच समझौता होगा। फिल्म सिटी का निर्माण भूटानी ग्रुप के सहयोग से किया जाएगा।

फिल्म निर्माता बोनी कपूर ने कहा कि मैंने कई देशों का दौरा कर फिल्म सिटी के लिए काफी कुछ सीखा है। उन्होंने अपनी फिल्म नो एंट्री में एंट्री की शुरुआत यमुना सिटी में करने की घोषणा की। यीडा के सीईओ डॉ. अरुण वीर सिंह ने ढांचागत सुविधाओं को तेजी से उपलब्ध कराने का वादा किया।

वहीं, आज बोनी कपूर की कंपनी फिल्म सिटी के प्रथम चरण के लिए भूमि पर कब्जा लेने की औपचारिकता पूरी होने के बाद यीडा के बोर्ड रूम में बोनी कपूर अपने परिवार के साथ फिल्म सिटी के मॉडल को भी लॉन्च करेंगे। इसके जरिये वे फिल्म सिटी को धरातल पर उतारने के हर प्रयास की जानकारी देंगे। मॉडल के जरिये पूरी फिल्म सिटी की सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

**1000 एकड़ में प्रस्तावित**

सेक्टर-21 में एक हजार एकड़ में फिल्म सिटी प्रस्तावित है और पहला चरण 230 एकड़ में शुरू होगा। इसके लिए बोनी कपूर की कंपनी बेव्यू प्रोजेक्ट्स ने भूटानी ग्रुप के साथ मिलकर सबसे अधिक बोली लगाकर विकासकर्ता कंपनी बनी है। यूपी कैबिनेट से भी कंपनी को आवंटन पत्र जारी किया जा चुका है। फिल्म सिटी के निर्माण को लेकर लंबे समय से प्रक्रिया चल रही है। इसके निर्माण से पहले दुनियाभर की फिल्म सिटी का अध्ययन करने के लिए बोनी कपूर ने कई देशों का दौरा किया है।

**विधवा महिला की...**

कुछ समय पूर्व मृत्यु हो गई थी उनकी जमीन नीरज और वैभव के नाम ट्रांसफर हो गई थी। श्रीमती नीरज अपने परिवार के साथ पिछले काफी समय से दादरी में रह रही है। गांव में अपनी साढ़े 14 बीघा जमीन की देखने के लिए उन्होंने योगेश को जिम्मेदारी दी हुई थी। यह जानकारी मिलने पर पकड़े गए आरोपियों ने सीमा व उसके बेटे प्रथम भाटी के आधार कार्ड में नाम पता बदलवाकर पैन कार्ड बनवाया और इन्हीं दस्तावेज को आधार पर बैंक में खाता भी खुलवा लिया। इसके बाद आरोपियों ने श्रीमती नीरज की साढे 14 बीघा जमीन का सौदा गौतम सिंह से 2 करोड़ 38 लाख रुपए में कर दिया। आरोपियों ने जमीन के फर्जी दस्तावेज बनाकर गौतम सिंह को दिखाए। संतुष्ट होने पर गौतम सिंह ने 21 लाख रुपए आरोपियों के अकाउंट में ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद उन्होंने 15 लाख रुपए आरटीजीएस के माध्यम से ट्रांसफर किया। पैसे देने के बाद गौतम सिंह जब जमीन पर कब्जा लेने पहुंचे तो उन्हें योगेश मिला। योगेश ने उन्हें बताया कि यह जमीन श्रीमती नीरज और वैभव के नाम पर है। जालसाजी का शिकार बने गौतम ने आरोपियों के खिलाफ तुरंत मुकदमा कराया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इस मामले में सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में रिंकू पुत्र मामराज श्रीमती सीमा वांछित चल रही है। दोनों की गिरफ्तारी के प्रयास किया जा रहे हैं। डीसीपी ने बताया कि आरोपी फर्जी दस्तावेज के आधार पर जमीनों की रजिस्ट्री कर लोगों के साथ धोखाधड़ी करने का काम कर रहे हैं।

**तमंचे के साथ...**

पूछताछ में पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम साहिल पुत्र इरशाद निवासी सेक्टर-16 झुग्गी बस्ती बताया। आरोपी ने स्वीकार किया कि वह आपराधिक वारदात को अंजाम देने के इरादे से घूम रहा था। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कार्यालय में पेश किया गया है।

**प्यावली के पास नहर...**

मदद से युवक की नहर में तलाश की। इस दौरान एनडीआरएफ टीम को भी मौके पर बुलवाया गया। एनडीआरएफ टीम के गोताखोरों ने नहर में सर्च अभियान चलाया लेकिन मंगलवार को सफलता नहीं मिली। बुधवार सुबह से ही एनडीआरएफ की टीम ने मोटर बोट के साथ नहर में एक बार फिर सर्च अभियान चलाया। सुबह से शुरू हुआ यह अभियान देर शाम तक चला। शाम को प्यावली गांव से कुछ दूरी पर ही नहर से युवक का शव बरामद हो गया। थाना प्रभारी ने बताया कि मूल रूप से मैनपुरी निवासी गौरव पुत्र नाथूलाल थाना बिसरख क्षेत्र की रिद्धि कंपनी में नौकरी करता था। मंगलवार की शाम को वह अपने साथी कर्मचारियों के साथ नहाने के लिए प्यावली गांव के पास नहर पर पहुंचा। इस दौरान ग्रामीणों ने नहाने पहुंचे युवकों को तेज बहाव का हवाला देकर बड़ी नहर में उतरने से मना किया। गौरव के दोस्त छोटी नहर में नहाने लगे इस दौरान गौरव ने अपने साथियों को बताया कि वह तैरना जानता है और वह बड़ी नहर में नहाने के लिए जा रहा है। गौरव ने जैसे ही बड़ी नहर में छलांग लगाई तो वह गहरे पानी में डूबने लगा। उसके साथी दोस्तों ने उसे बचाने के लिए शोर मचाया लेकिन तब तक वह गहरे पानी में समा गया। शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है।

**चोर छत से...**

कमरे में सो रहा था। देर रात्रि आहट सुनकर उसकी आंख खुल गई। उसने देखा कि एक व्यक्ति उसके कमरे से निकलकर भाग रहा है। उसने शोर मचाकर उस व्यक्ति का पीछा किया तो वह मकान की छत पर चढ़ गया। इस दौरान आस-पड़ोस के लोग भी मौके पर इकट्ठा हो गए। लोगों ने जब चोर को पकड़ने का प्रयास किया तो उसने छत से छलांग लगा दी। ऊंचाई से गिरने के कारण वह घायल हो गया। जिसके बाद लोगों ने उसे दबोच लिया। तलाशी में इसके पास से कमरे से चोरी किए गए तीन मोबाइल फोन बरामद हुए। पकड़े गए चोर ने अपना नाम नाजिम पुत्र समसुद्दीन निवासी बदायूं बताया। पकड़ा गया नाजिम हाल में हबीबपुर गांव में ही किराए पर रह रहा है। थाना ईकोटेक-3 प्रभारी ने बताया कि चोर को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

**लूटपाट में शामिल...**

युवकों को पुलिस ने जांच के लिए रुकने का इशारा किया। पुलिस को देखकर बदमाश बाइक मोड कर भाग निकले। पीछा करने पर बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। इस दौरान संतुलन बिगड़ने के कारण बाइक सवार गिर पड़े। पुलिस द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के पैर में गोली लगी। पुलिस ने दोनों बदमाशों को दबोच लिया। पूछताछ में बदमाशों ने अपने नाम शोएब पुत्र सलीम व फजल पुत्र फरीद निवासी सिकंदराबाद बताए। मुठभेड़ में घायल बदमाश शोएब को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया। एडीसीपी ने बताया कि पकड़े गए बदमाश शातिर अपराधी हैं और सुनसान जगह पर हथियार के बल पर लोगों से लूट की वारदातों को अंजाम देते हैं। पकड़े गए बदमाशों ने मोबाइल लूट की कई वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया है। बदमाशों के पास से बरामद स्प्लेंडर बाइक भी चोरी की है। यह बाइक थाना कंकर खेड़ा जनपद मेरठ क्षेत्र से चोरी की गई थी। पुलिस पकड़े गए बदमाशों का आपराधिक इतिहास खंगालने में जुटी हुई है।

**लापरवाही के चलते...**

थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर पोकलेन चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाकर मृत्यु करने का मामला दर्ज किया गया है।

# सेक्टर-154 में खुलेआम भूगर्भ जल का दोहन कर गंदे नाले में डाला जा रहा है पानी

## एसीईओ से शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-154 में खुलेआम भूगर्भ जल का अवैध रूप से दोहन करके पानी गंदे नाले में बहाया जा रहा है। नोएडा प्राधिकरण में शिकायत करने के बावजूद अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।



भारतीय जनता पार्टी ग्रेटर नोएडा के मंडल अध्यक्ष महेश शर्मा ने बताया कि सेक्टर-154 के भूखंड संख्या 2/7 तथा 2-8 में पिछले 2-3 माह से भूगर्भ जल का दोहन करके खुलेआम पानी नाले में बहाया जा रहा है। बताया जाता है कि यहां पर भवन निर्माण का कार्य चल रहा है। प्राधिकरण द्वारा भवन निर्माण के लिए शोधित जल का प्रयोग करने के आदेश हैं। इसके बाद भी अवैध रूप से डीप बोरिंग करके यहां भूगर्भ जल का दोहन करके कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

श्री शर्मा ने बताया कि इसकी शिकायत टवीटर, व्हाटसएप के जरिए कई बार प्राधिकरण के एसीईओ संजय खत्री से की गई, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे प्रतीत होता है कि प्राधिकरण के कुछ कर्मचारियों की सांठगांठ से यह अवैध जल का दोहन व बर्बादी हो रही है। उन्होंने मांग की कि जनहित में इस प्रकरण की गोपनीय जांच कराकर दोषी लोगों पर कठोर कार्रवाई की जाए।

**PUBLIC NOTICE**

(0.5.R.20) Applicant Adv -B.J.DABHI

**IN THE COURT OF MOTOR ACCIDENT CLAIM TRIBUNAL JUDGE SHRI. N. A. ANJARIA SAHEB (P.D.J COURT) OF KHEDA AT NADIAD. (GUJARAT STATE)**

M.A.C.P. NO - 670/2018
EXH. 48

**APPLICANT :-**
AJITSINH BHARATSINH PARMAR
AT. KHALADI, TA.MAHUDHA, DISTRICT. KHEDA

VS.

**OPPONENTS :-**
(4) RAJESHKUMAR
Address -VIKK BAZIPUR PO. GHEJA BHENGAL PH 2 NOIDA, GAUTAM BUDDHA NAGAR, 201301, UTTAR PRADESH

**Fixed On :- 12.07.2024**

Whereas, Applicant has instituted the above filed an application agaist you U/S 166 of Motor Vehical Act due to an Accident occurred by vehicle UP-16-R-9055 to recover compensation of Rs.5,00,000/- with interest of 18 % from you, You are hereby orderderd to remain present on this Court In person or by a pleader on the day of 12 July, 2024 at 10.45 a.m. to answer the same with all the documents on which you rely upon, failing which the application will be disposed of ex- parte.

Given under my hand and the seal of the Tribunal on 25th June 2024

| Prepared By | Campared By | By Order |
| --- | --- | --- |
| (J.K.Chauhan) Assistant | (V.M.Dodiya) Assistant | Deputy Registrar, M.A.C.T. Branch, District Court, Nadiad. |

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

**खास खबर**

## मध्य प्रदेश में हाई बीपी के प्रति जागरूकता पैदा करना चाहता है ओमरॉन हेल्थकेयर



**भोपाल।** भारत में हाई बीपी एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है। देश में 220 मिलियन से अधिक लोग हाई बीपी से पीड़ित हैं, लेकिन डब्ल्यूएचओ के एक रिसर्च से पता चला है कि उनमें से केवल 15 प्रतिशत को ही इलाज मिल पाता है। उनमें से लगभग 5 प्रतिशत डिजिटल बीपी मॉनिटर का उपयोग करते हैं। इससे पता चलता है कि अधिकतर लोग अपनी स्थिति से अनजान रहते हैं या उन्हें उचित इलाज नहीं मिलता है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के अनुसार मध्य प्रदेश में प्री-हाइपरटेंशन की व्यापकता दर 35.5 प्रतिशत और बढ़े हुए बीपी की प्रसार दर 14.3 प्रतिशत है। इसके अतिरिक्त, 18-54 वर्ष के आयु वर्ग में 37.6 प्रतिशत आबादी ने कभी भी बीपी नहीं जांचा है। प्रीहाइपरटेंशन का बोझ, सामान्य बीपी और हाई बीपी एक साथ होना बहुत चिंताजनक है, क्योंकि यह अक्सर हाई बीपी में बदल सकती है। प्रीहाइपरटेंशन निकट भविष्य में सीवीडी बोझ में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है, जो बीपीएटी होम की प्रभावी निगरानी और प्रबंधन की तुरंत जरुरत को दर्शाती है। ब्लड बीपी के साथ ही ईसीजी मॉनिटरिंग भी जरूरी है। एट्रियल एएफआईबी जैसी स्थितियां, जिसके कारण हृदय अनियमित और तेज़ धड़कने लगता है, जिससे स्ट्रोक और हार्ट अटैक का खतरा काफी बढ़ जाता है। हाई बीपी के साथ स्ट्रोक का जोखिम 3.4 गुना अधिक है, लेकिन अफिब के साथ यह 5 गुना अधिक है और अफिब को केवल तभी मापा जा सकता है जब कोई मरीज ईसीजी माप रहा हो। इन जोखिमों के बावजूद, हाल ही में आईसीएमआर के एक अध्ययन से पता चला है कि 18-54 आयु वर्ग के 30 प्रतिशत भारतीयों ने कभी अपना रक्तचाप नहीं मापा है।

## ईज़मायट्रिप ने भोपाल में अपना पहला ऑफलाइन स्टोर खोलकर अपनी उपस्थिति बढ़ाई

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के प्रमुख ट्रैवल टेक प्लेटफॉर्म ईज़मायट्रिप डाट काम ने मध्यप्रदेश के भोपाल शहर में अपना पहला फ्रेंचाइजी स्टोर खोला है। ये देशभर में लॉन्च किया गया उनका 16वां स्टोर है। इससे ईज़मायट्रिप की फ्रेंचाइजी मॉडल के जरिए अपनी ऑफलाइन उपस्थिति बढ़ाकर ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने की प्रतिबद्धता नजर आती है। इस नए आउटलेट का शुभारंभ ब्राण्ड की विकास यात्रा में एक बड़ी उपलब्धि है। यह स्टोर शहर के बीचोंबीच स्थित है, जिसकी वजह से महाराणा प्रताप नगर जोन 2 के आस-पास के ग्राहकों को ट्रैवल का बेहतरीन अनुभव मिलने वाला है। इस स्टोर का खूबसूरत माहौल ब्राण्ड की पहचान और ग्राहकों की जरूरतों को केंद्र में रखने की उनकी सोच से पूरी तरह मेल खाता है। साथ ही इस स्टोर में ग्राहकों की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए बेहतरीन सेवाएं उपलब्ध हैं। इस आउटलेट में ग्राहकों को कई तरह की सेवाएं मिलेंगी, जिसमें फ्लाइट और होटल रिजर्वेशन तथा बस व रेलवे टिकट से लेकर शानदार छुट्टियों, क्रूज़ और ग्रुप ट्रैवेल के लिए विशेषरूप से तैयार किये पैकेजेज तक शामिल हैं। इतना ही नहीं, इस स्टोर में वीज़ा संबंधी सहायता भी मिलेगी। यहां एक ही छत के नीचे अलग-अलग जरूरतों को सहजता से पूरा किया जाएगा। रिकांत पिट्टी, को-फाउंडर, ईज़मायट्रिप का कहना है, यह फ्रेंचाइजी मॉडल ग्राहकों तक पहुंच बढ़ाने और उनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए काफी सोच-विचार के साथ लाया गया है। हर स्टोर के शुभारंभ के साथ ना केवल हमारी भौगोलिक उपस्थिति का विस्तार हो रहा है, बल्कि हम उन क्षेत्रों के ग्राहकों के साथ और करीब से जुड़ रहे हैं। साथ ही अपनी अनूठी पेशकश के साथ उनकी यात्रा के अनुभव को बेहतर बना रहे हैं। भोपाल में हमारा यह नया आउटलेट ग्राहकों की जरूरतों को समझने और उन्हें पूरा करने के हमारे निरंतर प्रयास को दर्शाता है।

# हायर इंडिया ने होम एस्थेटिक्स को फिर से परिभाषित किया

## मॉडर्न किचन अपग्रेड के लिए मैट फिनिश स्टील डोर वाले ग्रेफाइट रेफ्रिजरेटर किए पेश

**205 लीटर से 602 लीटर की क्षमता में उपलब्ध नई रेंज की शुरुआती कीमत 24,690 रुपये होगी और यह प्रमुख रिटेल चैनलों पर उपलब्ध होगी।**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** लगातार 15 सालों से नंबर 1 वैश्विक प्रमुख उपकरण ब्रांड, हायर अप्लायंसेज इंडिया ने अपनी ग्रेफाइट सीरीज का अनावरण किया है। यह स्टील डोर रेफ्रिजरेटर की एक प्रीमियम रेंज है, जिसमें मैट फिनिश और आधुनिक डिजाइन है, जो भारतीय घरों के एस्थेटिक्स को बढ़ाती है। यह सीरीज 205 से 602 लीटर तक की क्षमता में उपलब्ध होगी, जो विभिन्न भंडारण आवश्यकताओं को पूरा करेगी, जिससे यह हर भारतीय घर के लिए उपयुक्त है।

प्रीमियमाइजेशन पर ध्यान केंद्रित करते हुए, नए रेफ्रिजरेटर की रेंज में एक स्मूथ मैट फिनिश डिजाइन है, जो आधुनिक भारतीय घरों में सहजता से मिश्रण करता है और समकालीन सुंदरता के साथ किचन के स्पेस को ऊंचा करता है। यह सीरीज डायरेक्ट कूल, टॉप-माउंटेड, बॉटम-माउंटेड, 2-डोर साइड-बाय-साइड, और 3-डोर साइड-बाय-साइड सहित कई कॉन्फ़िगरेशन में उपलब्ध है। हायर ने अपने क्रांतिकारी 3-डोर वाईफाई कन्वर्टिबल साइड बाय साइड रेफ्रिजरेटर की रेंज में भी मैट फिनिश सीरीज को पेश की है, जिससे उपयोगकर्ता हाइस्मार्ट ऐप का उपयोग करके कहीं से भी फ्रीजर सेक्शन को फ्रिज में बदल सकते हैं।




लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, हायर अप्लायंसेज इंडिया के प्रेजिडेंट, श्री एनएस सतीश ने कहा, हायर में, हमारी स्थायी प्रतिबद्धता ग्राहक-प्रेरित अभिनव समाधान प्रदान करने के इर्द-गिर्द घूमती है जो देश भर में रोजमर्रा की जिंदगी को समृद्ध बनाती है। हमारा रणनीतिक फोकस व्यापक अनुसंधान, अत्याधुनिक तकनीकों और अत्यधिक कुशल निर्माण प्रक्रियाओं के आधार पर विभिन्न श्रेणियों में सर्वोत्तम श्रेणी के उत्पादों को पेश करने पर केंद्रित है। दो दशकों से अधिक समय से भारतीय बाजार में एक मजबूत उपस्थिति स्थापित करने के बाद, हमारी ग्रेफाइट सीरीज का लॉन्च प्रीमियम नवाचार और डिजाइन का सही संयोजन पेश करके उपभोक्ताओं के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उपभोक्ताओं की बढ़ती जरूरतों को पहचानते हुए, हम ऐसे उपकरणों की पेशकश करने के अपने प्रयास में दृढ़ हैं जो सौंदर्य संबंधी उत्कृष्टता के साथ दक्षता को जोड़ते हैं। हमें विश्वास है कि हमारी नई रेंज प्रीमियम अनुभव प्रदान करेगी, जो हमारे ग्राहकों की बदलती आवश्यकताओं के साथ पूरी तरह से मेल खाएगी।

### प्रीमियम, आधुनिक डिज़ाइन और वाईफाई सक्षम स्मार्ट रेफिजरेटर

हाल के वर्षों में, भारतीय उपभोक्ताओं के बीच अपने घरों की सजावट को अधिक महत्व देने और उन्हें अपने व्यक्तित्व के प्रतिबिंब के रूप में देखने में उल्लेखनीय बदलाव आया है। इस बदलती प्रवृत्ति और बढ़ती मांग को स्वीकार करते हुए, हायर ने ग्रेफाइट सीरीज पेश की है, जो आधुनिक भारतीय घरों के एस्थेटिक्स को उन्नत करते हुए नवीन सुविधाओं और प्रीमियम डिजाइन का एक आदर्श संयोजन है। ग्रेफाइट श्रृंखला में वाईफ़ाई सक्षम स्मार्ट रेफ्रिजरेटर भी शामिल हैं, जिन्हें आप कहीं से भी कनेक्ट और नियंत्रित कर सकते हैं। रेफ्रिजरेटर की नई रेंज में टर्बो आइसिंग फीचर है, जो सभी मॉडलों पर उपलब्ध है, जो पावरफुल कूलिंग और फ्रीजिंग प्रदान करता है, जिससे भोजन, सब्जियों और फलों की ताजगी और स्वाद को संरक्षित करते हुए समय की बचत होती है। इसके अतिरिक्त, बॉटम-मार्उटिंग मॉडल 1-घंटे की आइसिंग सुविधा से लैस हैं, जो तेजी से फ्रीजिंग सुनिश्चित करता है और फैमिलीज़ को ठंडे पेय और फ्रोजन ट्रीट्स का आनंद लेने देता है। हायर की उन्नत ट्रिपल इन्वर्टर टेक्नोलॉजी अधिक ऊर्जा बचत और शोर को कम करने की अनुमति देती है। इनोवेटिव डुअल फैन टेक्नोलॉजी विभिन्न खाद्य पदार्थों को लंबे समय तक ताजा रखने और उनके मूल स्वाद, गंध और बनावट को बनाए रखने के लिए रेफ्रिजरेटर में एयर फ्लो प्रदान करती है। रेफ्रिजरेटर की नई रेंज में एक स्मार्ट डिस्प्ले है, जो संचालित करने और तापमान और मोड को स्विच करने में आसान है। इसके अलावा, कनेक्ट होम इन्वर्टर फीचर बिजली कटौती के दौरान घर के इनवर्टर से स्वचालित रूप से जुड़ जाता है ताकि निरंतर कूलिंग सुनिश्चित की जा सके।

## ग्रेट लर्निंग की अपस्किलिंग ट्रेंड्स रिपोर्ट 2024-25 के अनुसार, 85 प्रतिशत भारतीय प्रोफेशनल्स वित्त वर्ष 2025 में अपस्किलिंग में पैसा लगाने की योजना बना रहे हैं

**मुंबई, एजेंसी।** उच्च शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण के लिए एक प्रमुख विश्वव्यापी एडटेक फर्म ग्रेट लर्निंग ने अपस्किलिंग ट्रेंड्स रिपोर्ट 2024-25 का तीसरा संस्करण प्रकाशित किया है। रिपोर्ट में पिछले वर्ष के दौरान भारत में ग्रेट लर्निंग के कार्यक्रमों में देखे गए रुझानों का सार दिया गया है। इसके अलावा, एक शोध फर्म के सहयोग से, ग्रेट लर्निंग ने विभिन्न उद्योगों के 1000 से अधिक पेशेवरों के साथ एक व्यापक सर्वेक्षण किया, ताकि आगामी वर्षों में भारतीय पेशेवरों की अपस्किलिंग इच्छाओं को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण रुझानों और चर की पहचान की जा सके। इस शोध का उद्देश्य पेशेवरों और व्यवसायों को यह समझने में मदद करना है कि ये रुझान व्यवसायों को कैसे प्रभावित करेंगे, आवश्यक कौशल का पूर्वानुमान लगाएंगे और प्रतिस्पर्धा में आगे बने रहने के लिए खुद को तैयार करेंगे।

79 प्रतिशत प्रोफेशनल्स वित्त वर्ष 25 में अपने करियर को बेहतर बनाने के लिए कौशल उन्नयन को महत्वपूर्ण मानते हैं। वित्त वर्ष 2025 में, पूछे गए 79 प्रतिशत पेशेवरों का मानना था कि अपने पेशे को भविष्य के लिए बेहतर बनाने के लिए अपस्किलिंग बहुत ज़रूरी है। 17 वर्ष से अधिक अनुभव वाले 92 प्रतिशत प्रोफेशनल्स अपस्किलिंग को महत्वपूर्ण मानते हैं। 17 वर्ष से अधिक अनुभव वाले 92 प्रतिशत प्रोफेशनल्स अपस्किलिंग को महत्वपूर्ण मानते हैं। इसके अतिरिक्त, इंजीनियरिंग डिग्री वाले प्रोफेशनल्स सेक्टर में काम करने वाले लोग भी मानते हैं कि अपस्किलिंग ज़रूरी है। ऐसा संभवतः इसलिए हो सकता है क्योंकि नौकरी की सबसे हालिया रिपोर्ट के अनुसार, आइटी क्षेत्र में हायरिंग में 16 प्रतिशत कम हुई है। प्रौद्योगिकी व्यवधानों और बदलते बाजार की गतिशीलता के परिणामस्वरूप भारत में उद्योगों में तेजी से बदलाव हो रहा है, इसलिए नियोक्ताओं की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रोफेशनल्स लोग अतिरिक्त विशेषज्ञ कौशल सीखने की आवश्यकता के प्रति तेजी से जागरूक हो रहे हैं।

तकनीकी व्यवधानों और व्यापक आर्थिक स्थितियों के बीच भारतीय प्रोफेशनल्स में नौकरी बनाए रखने के आत्मविश्वास 62 प्रतिशत तक कमी आयी हैभारतीय पेशेवरों में अपनी नौकरी बनाए रखने के प्रति विश्वास में पिछले वर्ष की तुलना में नौ प्रतिशत अंकों की उल्लेखनीय गिरावट आई है। पिछले वर्ष के सर्वेक्षण में, 71 प्रतिशत पेशेवरों को नौकरी बनाए रखने पर भरोसा व्यक्त किया था, लेकिन इस साल यह अनुपात घटकर 62 प्रतिशत रह गया है।

## तनिष्क के एनचांटेड ट्रेल्स इस प्रकृति से प्रेरित कलेक्शन ने पेरिस होट कूटुर वीक 24 में सभी को चकाचौंध कर दिया

**पेरिस , एजेंसी।** प्रतिष्ठित टाटा ग्रुप का एक सदस्य और भारत का प्रीमियर ज्वेलरी ब्रांड, तनिष्क ने अपना एनचांटेड ट्रेल्स कलेक्शन पेरिस होट कूटुर वीक 2024 में लॉन्च करके दुनिया भर के फैशन प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। फैशन की मेक्का के नाम से मशहूर पेरिस होट कूटुर वीक एनचांटेड ट्रेल्स कलेक्शन प्रस्तुत करने के लिए बेहतरीन ग्लोबल प्लेटफार्म बना। इस कलेक्शन का हर एक आभूषण कला का नमूना है, ग्लैमर और स्टाइल की नयी परिभाषा रचने वाले दुर्लभ और असली डायमंड क्रिएशन इसमें प्रस्तुत किए गए हैं।

बहती नदियों की मन मोह लेने वाली खूबसूरती, रोशनी और पानी का एक दूसरे के साथ खेलना, खिलते फूलों का आकर्षण, बेलाओं की सुंदर हरकत और हरे-भरे जंगलों में पत्तों की फुसफुसाहट से प्रेरित होकर इस कलेक्शन को बनाया गया है। प्रकृति की शांत कविता को प्रतिध्वनित करते हुए, शांत धाराओं के बीच से गुज़रती नावों का नृत्य इसमें दिखाया गया है।



इस साल तनिष्क ने डिज़ाइनर वैशाली शदंगुले के साथ सहयोग किया है। पेरिस होट कूटुर वीक 2021 में भाग लेकर इसमें शामिल होने वाली पहली भारतीय महिला बनने का सम्मान उन्होंने हासिल किया है। तनिष्क के सिद्धांत वैशाली के दृष्टिकोण से पूरी तरह मेल खाते हैं। वैशाली तनिष्क महिला का प्रतीक है जो प्रगतिशील, आधुनिक है और विश्व मंच पर भारतीय शिल्प कौशल और कलात्मकता को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है।

इस महत्वपूर्ण सहयोग पर, टाइटन कंपनी लिमिटेड की चीफ डिज़ाइन ऑफिसर सुश्री रेवती कांत ने कहा, एनचांटेड ट्रेल्स कलेक्शन असाधारण कलात्मकता और शुद्धता की पसंद को सम्मानित करता है। प्रकृति की भव्यता से प्रेरित होकर इसे बनाया गया है। इसके डिज़ाइन प्रकृति में पाए जाने वाले सामंजस्य और संतुलन को प्रतिबिंबित करते हैं। शाखाओं के मोड़ और घुमाव, नदियों और प्राकृतिक धाराओं के उतार-चढ़ाव, फूलों के मनमोहक रंग और पत्तों की ताज़गी से प्रेरित होकर बनाया गया यह कलेक्शन प्रकृति के सार को दर्शाता है।

पेरिस होट कूटुर वीक फैशन नवाचार और शान का प्रतीक है। हम मानते हैं कि शिल्प कौशल और कलात्मकता के प्रति हमारे समर्पण को प्रदर्शित करने के लिए यह एक अद्वितीय मंच प्रदान करता है। वैशाली शदंगुले के साथ हमारी साझेदारी शिल्प कौशल और आधुनिक डिज़ाइन के सामंजस्यपूर्ण मिश्रण का प्रतीक है। पारंपरिक तकनीकों को आधुनिक सौंदर्यशास्त्र के साथ मिलाने की उनकी क्षमता उन्हें हमारे लिए आदर्श सहयोगी बनाती है। उनके साथ मिलकर हम वैश्विक स्तर पर विलासिता की नयी परिभाषा रच रहे हैं।

नामचीन फैशन डिज़ाइनर वैशाली शदंगुले ने कहा, मैं इस सहयोग को लेकर रोमांचित हूं। आभूषण कूटुर का एक विस्तार है। ग्लोबल लक्ज़री गुणवत्ता के साथ विरासत में मिली कारीगरी बहुत ही सतर्क और कुशल ब्रांड तनिष्क के साथ सहयोग करके हम हमारे सिद्धांतों को उन्नत कर रहे हैं।

## मैरिंगो सी.आई.एम.एस. हॉस्पिटल ने एक दिन में पाँच अंग दान करने की उपलब्धि हासिल की

**अहमदाबाद।** मैरिंगो सी.आई.एम.एस. हॉस्पिटल ने पाँच अंगों के दान करने की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक अंजाम दिया, जिसके परिणामस्वरूप एक ही दिन में जीवन बचाने वाले पाँच प्रत्यारोपण किए गए। यह उपलब्धि अंगों के प्रत्यारोपण के लिए उत्कृष्टता के एक केंद्र के रूप में अस्पताल की प्रतिष्ठा को प्रदर्शित करती है। यह अस्पताल एक ही स्थान पर हृदय, फेफड़े, गुर्दे, यकृत और अस्थि मज्जा जैसे पाँच अंगों का प्रत्यारोपण करता है। गुजरात के भाभर के रहनेवाले 35 वर्षीय मरीज़ की एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई और डॉक्टरों ने उसे दिमाग से मृत घोषित कर दिया। सलाहकारों की एक टीम ने मृतक के परिवार से संपर्क किया, जो अपने परिवार के प्रिय सदस्य के अंगों को दान करने के एक अत्यंत मानवतापूर्ण कार्य करने हेतु सहमत हो गए। मैरिंगो सी.आई.एम.एस. हॉस्पिटल में एक मरीज़ के रूप में भेजे गए अंगदान करने वाले व्यक्ति के परिवार के लोगों ने असाधारण उदारता और करुणा का प्रदर्शन किया, जिससे तुरंत प्रत्यारोपण करवाने की आवश्यकता वाले लोगों को जीवन का दूसरा मौका मिल सका।

## आईफोन बनाने वाली फॉक्सकॉन भारत में नहीं दे रही शादीशुदा महिलाओं को नौकरी, जानें क्यों

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया की सबसे प्रमुख टेक कंपनियों में से एक एप्पल इंक ने हाल में भारत के अंदर अपना आईफोन प्रोडक्शन बढ़ाया है। साथ ही अपने अन्य डिवाइस के प्रोडक्शन को भी इंडिया में शुरू करने की योजना पर काम कर रही है। भारत में ये काम उसकी प्रमुख सप्लायर फॉक्सकॉन करती है। फॉक्सकॉन के बारे में खबर सामने आई है कि भारत में वह अपने दक्षिण भारत के प्लांट में शादीशुदा महिलाओं के जॉब्स एप्लिकेशन को रिजेक्ट कर रही है।




रॉयटर्स ने अपनी एक इंवेस्टिगेटिव रिपोर्ट में कहा है कि मार्च 2023 में पार्वती और जानकी नाम की दो महिलाएं फॉक्सकॉन की फैक्टरी में नौकरी के लिए जाती हैं। दोनों की उम्र 30 वर्ष से कम है। फैक्टरी के गेट पर मौजूद गार्ड उनसे उनके शादीशुदा होने को लेकर सवाल पूछता है और उनके हां में जवाब देने पर वापस लौटा देता है। इस बारे में एजेंसी ने जब पार्वती से पूछताछ की, तो उसने बताया कि जो ऑटोरिक्शा ड्राइवर उन्हें बस स्टैंड से फैक्टरी के गेट तक लेकर गया था, उसने भी कहा था कि कंपनी शादीशुदा महिलाओं को नौकरी नहीं देती है। उन दोनों को ऑटोरिक्शा ड्राइवर की बात पर पूरा भरोसा नहीं हुआ। वे दोनों फिर भी खुद को एक मौका देने के लिए वहां गईं लेकिन उन्हें उल्टे पांव लौटना पड़ा। इस बारे में और जांच-पड़ताल की गई तो फॉक्सकॉन से जुड़े करीब 17 कर्मचारियों ने नाम ना बताने की शर्त पर कंपनी के इस रवैये की पुष्टि की। एजेंसी ने फॉक्सकॉन इंडिया के पूर्व ह्यूमन रिसोर्सेस एग्जीक्यूटिव एस. पॉल के हवाले से लिखा है कि कंपनी एक सिस्टम के तहत इंडिया में अपनी आईफोन असेंबली की प्रमुख फैक्टरी में शादीशुदा महिलाओं को नौकरी पाने से बाहर रखती है। इसकी वजह ये है कि शादीशुदा महिलाओं के पास अविवाहित स्त्रियों के मुकाबले ज्यादा जिम्मेदारियां होती हैं।

## हुंडई मोटर इंडिया और खतरों के खिलाड़ी 14 आपको दे रहा है 'खास खिलाड़ी ऑफ द सीज़न' बनने का मौका

**मुंबई, एजेंसी।** 13 साल से अधिक समय से, कलर्स का 'खतरों के खिलाड़ी' स्टंट-आधारित मनोरंजन का बेमिसाल चैंपियन रहा है, जो डर से लड़ने के हैरान करने वाले पलों से भरा रहा है। अपनी रोमांच बढ़ाने वाली विरासत को आगे बढ़ाते हुए, इसका नया सीज़न संभव काम करने की सीमाओं को आगे बढ़ाने और प्रतियोगियों को रोमानिया में असाधारण डेयरडेविल में बदलने का वादा करता है। इतने सालों में, कई आम लोगों ने शो के प्रतियोगियों और इसके अदम्य मेज़बान रोहित शेट्टी के साथ फ्रेम साझा करने का सपना देखा है। पहली बार, यह सपना किसी भाग्यशाली व्यक्ति के लिए हकीकत बन जाएगा। एक प्रसिद्ध ऑटोमोबाइल निर्माता, हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (हुंडई) मनोरंजन की दुनिया और ऑटोमोटिव के एकीकरण में एक रोमांचक उपलब्धि हासिल करते हुए, पहली बार प्रेजेंटिंग प्रायोजक के रूप में शो में शामिल हुई है। इस अनूठे सहयोग में एक एडवेंचरस ट्विस्ट लाते हुए, हुंडई रोमांच के फैक्टर को एक पायदान ऊपर ले जा रही है, एक वाइल्ड राइड की गारंटी दे रही है जो हर किसी को अपनी सीटों पर चिपकाए रखेगा। शो के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ते हुए, इस प्रेजेंटिंग प्रायोजक ने किसी आम व्यक्ति के लिए पहली बार खिलाड़ी ड्रीम को जीने के जीवन में एक बार मिलने वाले अवसर के द्वार खोल दिए हैं। 'हुंडई ड्राइव टू विन कॉन्टेस्ट' के माध्यम से, एक लकी कार उत्साही को प्रतिष्ठित खिताब खास खिलाड़ी ऑफ द सीज़न से सम्मानित किया जाएगा। वायकॉम18 के हेड-नेटवर्क सेल्स, महेश शेट्टी ने कहा, खतरों के खिलाड़ी रोमांच बढ़ाने वाले मनोरंजन का प्रतीक रहा है, जहां प्रतियोगी अपने गहरे डर का सामना करते हैं और चुनौतियों पर जीत पाने के लिए अपनी सीमाओं को पार करते हैं। हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड के सीओओ, तरुण गर्ग ने कहा, हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड में, हम लगातार ऐसी पहलों के साथ साझेदारी करने की कोशिश करते हैं जो नवाचार के प्रति हमारे जुनून को दर्शाती हों और जनता के साथ अच्छी तरह से कनेक्ट करती हों।

## रेस्टोरेंट के बाहर खड़ी कार से सामान चोरी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** कंपनी के सहकर्मियों के साथ मेट्रो स्टेशन के पास बने रेस्टोरेंट में नाश्ता करना एक व्यक्ति को खासा महंगा पड़ा। रेस्टोरेंट के बाहर खड़ी कार का शीशा तोड़कर चोरों ने तीन लैपटॉप, इयरबड्स, चेकबुक, पासबुक, आईडी कार्ड आदि चोरी कर लिए। पीड़ित ने थाना सेक्टर-49 में अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

सेक्टर-75 निवासी अभिलाष गर्ग ने बताया कि वह सेक्टर-143 स्थित सिनोप्सिस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में कार्यरत है। 25 जून को वह अपने सहकर्मी शक्ति सिंह, विजय प्रताप सिंह रघुवंशी के साथ सेक्टर-76 मेट्रो स्टेशन के पास बने नमस्कार नोएडा रेस्टोरेंट में नाश्ता करने के लिए गया था। उन्होंने अपनी गाड़ी रेस्टोरेंट के बाहर कुछ दूरी पर खड़ा कर दी। रेस्टोरेंट से नाश्ता करने के बाद जब वह अपनी गाड़ी के पास लौट तो उन्हें कार का शीशा टूटा हुआ मिला। उनकी कार से तीनों के लैपटॉप, इयरबड्स व अन्य सामान को चोरी कर ले गए। थाना प्रभारी अनुज सैनी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच पड़ताल की जा रही है।

## घायल को अस्पताल में भर्ती कराकर चालक रफूचक्कर

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना ईकोटेक-3 क्षेत्र में चौगानपुर गोल चक्कर पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार घायल हो गया। दुर्घटना का आरोपी वाहन चालक घायल को अस्पताल में भर्ती कराकर मौके से रफूचक्कर हो गया। घायल की पत्नी ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ थाना ईकोटेक-3 में मुकदमा दर्ज कराया है।

मूलरूप से ग्राम सूचना जनपद हापुड़ निवासी ज्योति ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह हाल में अपने पति के साथ हबीबपुर गांव में किराए पर रह रही है। बीती रात्रि उनके पास एक व्यक्ति का फोन आया कि उनके पति सौरभ का चौगानपुर गोल चक्कर जोमैटो कंपनी के पास एक्सीडेंट हो गया है। सूचना मिलने पर वह तुरंत मौके पर पहुंची तो पता चला कि उनके पति को आरोग्य अस्पताल में भर्ती कर दिया गया है। जानकारी करने पर पता चला कि उनके प्रति सौरव की बाइक में तेज गति में आ रहे अज्ञात गाड़ी चालक ने टक्कर मार दी थी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के आरोपी चालक ने उनके पति को आरोग्य अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में भर्ती करने के बाद वह मौके से फरार हो गया। थाना प्रभारी ने बताया कि महिला की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। महिला द्वारा उपलब्ध कराए गए वाहन नंबर के आधार पर आरोपी की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

## चार लोगों की संदिग्ध मौत

**नोएडा ( चेतना मंच )।** अलग-अलग स्थानों पर चार लोगों की संदिग्ध मौत हो गई। मौत के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना फेस-2 पुलिस को सूचना मिली कि सेक्टर-82 स्थित केंद्रीय विहार के पास एक व्यक्ति का शव ई-रिक्शा में पड़ा हुआ है। उक्त व्यक्ति की नाक से खून बह रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान कराई तो उसकी शिनाख्त ककराला गांव निवासी मलखान के रूप में हुई। मलखान मूल रूप से सीतापुर का रहने वाला था और हाल में ककराला में किराए पर रह रहा था। पुलिस के मुताबिक शव पर चोंट का कोई निशान नहीं है।

थाना ईकोटेक-3 क्षेत्र के सैनी गांव के पास सड़क किनारे एक युवक का शव पड़ा देखकर लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। मृतक युवक की पहचान राहुल के रूप में हुई है। जो खैरपुर गुजर गांव में किराये पर रहता था। थाना सेक्टर-113 क्षेत्र के सर्फाबाद गांव के पास नाले से बोरी में बंद एक युवक का शव मिला है। नाले में शव मिलने से आसपास सनसनी फैल गई। पुलिस के मुताबिक शव की पहचान नहीं हो पाई है। मौत के कारणों का पता लगाने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। वहीं थाना ईकोटेक-1 क्षेत्र में एक अज्ञात युवक का शव बरामद हुआ है। पुलिस मृतक की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

## मेरी पत्नी प्रताड़ित करती है, पीटती है, मेरी जान को भी है खतरा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** अक्सर पति द्वारा पत्नी को पीटने व प्रताड़ित किए जाने के मामले सामने आते रहते हैं, लेकिन नोएडा में एक अजीबो-गरीब मामला सामने आया है। नोएडा में एक पति ने अपनी पत्नी से जान का खतरा बताते हुए सुरक्षा करने की गुहार लगाई है। पति ने पुलिस से शिकायत में कहा है कि उसकी पत्नी अपने मित्र के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट करती है और घर से निकालने की भी धमकी देती है।

थाना सेक्टर-39 क्षेत्र की एक सोसायटी में रहने वाले वीरेश (काल्पनिक नाम) ने बताया कि उसकी अपनी पत्नी से जयपुर के फैमिली कोर्ट में तलाक का केस चल रहा है। उसकी पत्नी उसे लगातार परेशान और प्रताड़ित कर रही है। वह जब ऑफिस जाने के लिए घर से निकला तो उसने कार की चॉबी अपने पास रख ली और झगड़ा शुरू कर दिया। उसने डॉयल-112 पर कॉल कर पुलिस बुलाई जिसके बाद उसकी पत्नी ने उसे कार की चाबियां दी। शाम को जब ऑफिस से घर आया तो उसकी पत्नी गाली देने लगी और ड्राइंग रूम में तोड़फोड़ कर दी। उसने जब तोड़फोड़ करने से रोका तो उसके साथ भी मारपीट कर उसका गला दबाने का प्रयास किया। किसी तरह उसने अपने आप को बचाया।

पीड़ित के मुताबिक उसकी पत्नी अपने साथी अनुभव शर्मा के साथ मिलकर उसे मारने की साजिश रच रही है। उसने इसकी शिकायत पूर्व में भी की थी। पीड़ित पति का आरोप है कि उसकी पत्नी रोज उसे घर से निकालने की धमकी देती है। उसने अपनी जान का खतरा बताते हुए आशंका जताई है कि उसकी पत्नी उसे तथा उसके माता-पिता को किसी भी षड्यंत्र में फंसा सकती है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच कर रही है।



हंसगुल्ले

पुत्र (पिता से) : पिताजी मुझे ढोल खरीद दीजिए न!
पिता : न बेटे, तू ढोल बजाकर मुझे तंग किया करेगा।
पुत्र : नहीं पिता जी, मैं तो तब बजाऊंगा जब आप सो जाया करेंगे।

• • • • •

दुकान पर आया ग्राहक कभी कोई चीज उठाता, उसे देखता, फिर उसे रखकर दूसरी चीज उठा लेता। कुछ पूछताछ भी की उसने, लेकिन कुछ खरीदा नहीं काफी देर तक उसने ऐसा ही किया तो झुंझलाकर दुकानदार ने पूछा : `श्रीमान जी, आखिर आपको चाहिए क्या? `मौका ! ग्राहक का सपाट सा जवाब था'।

• • • • •

चकित ग्राहक ने बैरे से पूछा : तुम्हें कैसे पता चला कि मैं इस होटल में पहली बार आया हूं? बैरा : क्योंकि जो एक बार यहां का खाना खाकर जाता है, दुबारा नहीं आता।

• • • • •

मालिक (नया नौकर रखते समय) : इस बात का तुम्हारे पास क्या सबूत है कि तुमने जगन्नाथ बाबू के यहां एक साल तक भोजन बनाया है।
नौकर : मेरे पास ऐसे कई बर्तन हैं हजूर जिन पर उनका नाम खुदा है।

• • • • •

बेटा अपने पिता से पूछ रहा था कि आपने यह बेशुमार दौलत कैसे कमाई।
पिता : शादी के बाद शुरु-शुरु के दिनो की बात थी । मेरे पास सिर्फ 50 रु थे। मैंने उन रुपयो से कुछ सेब खरीदे और बेच दिए। अगले दिन मैंने दोबारा वही किया और ऐसा कई दिनों तक चलता रहा।
बेटा : अच्छा फिर ?
पिता : फिर ससुर की मृत्यु हो गई और बस, उन की सारी जायदाद हमें मिल गई।

• • • • •

पापा : बेटा, अमेरिका मे 15 साल के बच्चे भी अपने पैरों पे खड़े हो जाते हैं।
बेटा : लेकिन पापा भारत मे तो एक साल का बच्चा भागने भी लगता है।

• • • • •

मुझे भी देखने दो किसका एक्सिडेन्ट हुआ है। एक आदमी भीड़ हटाते हुए बोला। जब कोई हटा नहीं तो वह चिल्लाता हुआ बोला, जिसका एक्सिडेन्ट हुआ है मैं उस का पिता हूँ।
रास्ता मिल गया। अंदर देखा तो एक गधा मरा पड़ा था।

# सोना की मस्ती

रोजाना की तरह चीनी मछली ने अपनी नन्हीं बेटी रूहू को हिदायत दी, जब तक मैं वापस लौटूं तुम नदी के इसी छोर में तैरती रहना, आगे खतरा है। रूहू ने पानी में छपछपाते हुए कहा- हां मां, मुझे पता है आगे खतरा है और मैं रास्ता भटक सकती हूं। यह सुनते ही चीनी मछली आगे निकल गई। दरअसल रूहू मछली रावी नदी में अपनी मां के संग रहती थी। उस दिन रूहू अपनी सहेलियों के संग नदी में खेल रही थी तभी उसकी नजर एक सुनहरी मछली पर पड़ी। यह देखते ही वह खुशी से उछल पड़ी। उसने अपनी सहेलियों से कहा, अरे देखो, ये मछली कितनी सुंदर है, हमने ऐसी मछली कभी नहीं देखी। उसकी सहेलियां भी सुनहरी मछली को देखकर अचरज में थीं। दरअसल रूहू का रंग सफेद था और उस इलाके में रहने वाली सभी मछलियां सफेद रंग की थीं। सफेद के अलावा उन्होंने आज तक किसी और रंग की मछली नहीं देखी थी। सुनहरी मछली को देखकर वहां मौजूद सभी मछलियां आपस में खुसर-पुसर करने लगीं। तभी सुनहरी मछली ने रूहू के करीब आकर कहा, अरे तुम मुझे देखकर इतनी आश्चयर्यचकित क्यों हो। रूहू ने सुनहरी मछली को छूते हुए कहा, आपका रंग कितना सुंदर है, आप कहां से आई हो?

सुनहरी मछली ने कहा- मेरा नाम सोना है। मैं नदी के दूसरे छोर से आई हूं। तभी रूहू की सारी सहेलियां वहां पहुंच गई और उन्होंने सोना मछली को घेर लिया। वे उससे ढेर सारे सवाल करने लगीं। चूंकि सोना बाकी मछलियों से बड़ी थी, इसलिये वे सब उसे सोना दीदी कहकर पुकारने लगीं। एक ने पूछा, सोना दीदी, क्या आप जैसी सुनहरी मछलियां और भी हैं उस तरफ। रूहू ने कहा, काश मेरा रंग भी सुनहरा होता।

सोना मछली ने हंसते हुए कहा, अरे कैसी बात कर रही हो तुम सब। तुम्हारा रंग सफेद है और वाकई तुम सब बहुत सुंदर हो। ईश्वर ने हम सबको अलग-अलग रंग दिया है। हम जिस रंग के हैं, हमें उसी में खुश रहना चाहिये। तभी रूहू की सहेली जेली ने कहा, लेकिन हमने तो अब तक सिर्फ सफेद रंग की मछलियां ही देखी थीं। क्या मछलियों के और भी रंग होते हैं? सोना ने कहा, हां मछलियां तो बहुत रंग की होती हैं, जैसे नारंगी, पीली, गुलाबी, हरी, नीली और न जाने कितने रंग की। कुछ मछलियां छोटी होती हैं और कुछ बहुत बड़ी।

सोना ने उन्हें डॉल्फिन मछली के बारे में बताया जो इंसानों के काफी करीब बताई जाती है। रूहू और उसकी सहेलियों के लिए यह एकदम नई बात थी। रूहू ने कहा, सोना दीदी मैं रंग बिरंगी मछलियां देखना चाहती हूं। मैं डॉल्फिन से भी मिलना चाहती हूं। बाकी मछलियां भी शोर मचाने लगीं, हां, हमें भी रंगबिरंगी मछलियां देखनी हैं।

सोना ने कहा- ठीक है, इसके लिए तो तुम सबको नदी के दूसरे छोर की ओर चलना होगा। रूहू ने कहा, दीदी हमारी मां ने हमें दूर जाने से मना किया है। सोना ने कहा, अरे चिंता क्यों करती हो, हम सब शाम से पहले लौट आएंगे। तभी रूहू की एक सहेली ने कहा, आओ चलते हैं बड़ा मजा आएगा। हम सब शाम से पहले लौट आयेंगे।

बस क्या था, सारी मछलियां सोना मछली के संग चल पड़ीं। जैसे-जैसे वे नदी में आगे बढ़ती गईं उन्हें अद्‌भुत नजारे देखने को मिले। थोड़ी दूर जाने पर उन्हें नारंगी मछलियों का झुंड मिला। उन्हें देखते ही सफेद मछलियां चीख पड़ीं, अरे देखो तो कितनी प्यारी हैं ये। नारंगी मछलियां भी सफेद मछलियों को देखकर खुश थीं। वे सब आपस में मिलकर पानी में छपछप करने लगीं। कुछ देर बाद मछलियों का झुंड आगे बढ़ा। आगे जाने पर गुलाबी मछलियां दिखीं तो रूहू और उसकी सहेलियों की आंखें अचरज से खुली रह गईं। रूहू ने कहा, गुलाबी कितना प्यारा रंग है। इसी तरह रास्ते में नीली, पीली, हरी और न जाने कितने रंग की मछलियां मिलीं। रूहू ने कहा, हमें तो पता ही नहीं था मछलियों की इस खूबसूरत दुनिया के बारे में। सोना ने कहा, अरे अभी क्या है अभी तो तुम सबको डॉल्फिन से मिलना है।

कुछ देर बार वे डॉल्फिन के पास पहुंच गईं। सफेद मछलियों के लिये डॉल्फिन सबसे बड़ा आश्चर्य था। उन्होंने इतनी बड़ी और इतनी तेजी से पानी में छलांग लगाने वाली मछली पहले कभी नहीं देखी थी। सबसे बड़ा मजा तब आया जब डॉल्फिन नन्हीं सफेद मछलियों को देखकर हंसने लगी। रूहू ने कहा, अरे ये तो इंसानों की तरह हंस रही है। सबने डॉल्फिन की पीठ पर चढ़कर खूब मस्ती की।

तभी सोना मछली ने कहा, अब हमें लौटना चाहिए। पर सफेद मछलियां कुछ दूर आगे चलने की जिद करने लगीं। सोना ने समझाया, देखो अंधेरा हो रहा है, पर सफेद मछलियां तो बस मस्ती के मूड में थीं। वे थोड़ा आगे बढ़ी ही थीं कि एक दुष्ट शार्क मछली से टकरा गईं। टक्कर लगते ही शार्क चिल्लाने लगी, तुम सबने मुझे जगा दिया, अब मैं तुम्हें नहीं छोड़ेगी। यह सुनते ही सफेद मछलियां डर के मारे कांपने लगीं। तभी सोना मछली ने हाथ जोड़ते ही कहा, शार्क आंटी इन्हें माफ कर दीजिए। पर शार्क का गुस्सा कम नहीं हुआ। वो सोना मछली को धमकी देने लगी।

उसने कहा कि वह सारी सफेद मछलियों को एक जाल में बंद कर देगी। इसी बीच रूहू तेजी से चलकर पीछे गई और डॉल्फिन को बुला लाई। डॉल्फिन को देखते ही शार्क डर गई। उसने कहा, चलो कोई बात नहीं है, इस बार मैं तुम सबको माफ कर देती हूं, पर आगे से मेरे इलाके में मत आना।

सफेद मछलियों और सोना दीदी ने डॉल्फिन को धन्यवाद कहा। रूहू ने कहा, डॉल्फिन आप सचमुच बहुत प्यारी हो। आपसे मिलकर हमें बहुत अच्छा लगा। डॉल्फिन ने कहा, मुझे भी तुम सबसे मिलकर बड़ा मजा आया। अब मैं तुम सबको तुम्हारे घर छोड़ने चलूंगी। मैं नहीं चाहती कि अब तुम लोगों पर दोबारा ऐसा खतरा आए। यह सुनते ही सारी मछलियां खुशी से उछल पड़ीं। रूहू ने कहा, वाह कितना मजा आयेगा। मेरी मां तो डॉल्फिन और सोना दीदी से मिलकर बहुत खुश हो जायेंगी। आओ, जल्दी घर चलें, नहीं तो अंधेरा हो जाएगा।




## पहेलियाँ

तीन अक्षर का मेरा
नाम।
उल्टा सीधा एक
समान॥
❐ ❐ ❐ ❐
ऊँट की बैठक, हिरन
सी तेज चाल।
वो कौन सा जानवर
जिसके पूँछ न बाल।
❐ ❐ ❐ ❐
पहले पीट-पाट तब
ठोक-ठाक,
तब लेन-देन तब खान
पान।
❐ ❐ ❐ ❐

लाल टेन पंखों में,
उड़े अंधेरी रात में,
जलती बाती बिना तेल
के,
जाड़े व बरसात में।
❐ ❐ ❐ ❐
हरी-हरी मछली के,
हरे-हरे अण्डे,
जल्दी ये बूझिए,
वरना पड़ेंगे डण्डे।
❐ ❐ ❐ ❐
उस राजा की अनोखी
रानी,
दुम के रास्ते पीती पानी।
❐ ❐ ❐ ❐

उत्तर - जहाज, मेंढक, सुरती, जुगनू, मटर की फली, दीया

रास्ता खोजो




रंग भरो



बिंदु मिलाओ



# बैटमैन की कहानी



बचपन में अपने माता-पिता की हत्या का बदला लेने के लिए बैटमैन खुद को मजबूत बनाता है और काल्पनिक शहर गोथम में अपने इस काम को अंजाम देता है। दरअसल बैटमैन का नाम ब्रूस वेन है, जो आम जिंदगी में एक अमीर आदमी है।

1938 के शुरुआती समय में एक्शन कॉमिक्स में 'सुपरमैन' नामक काल्पनिक चरित्र की अपार सफलता ने डीसी कॉमिक्स को भी नए पात्र लाने के लिए प्रेरित किया और इस तरह काफी कश्मकश के बाद जन्म हुआ बैटमैन का। इस चरित्र को दो लोगों बॉब कॉन व बिल फिंगर ने मिलकर गढ़ा था। अपराधियों के दिलों में दहशत जगाने वाला यह किरदार सबसे पहले डीसी कॉमिक्स ने आधिकारिक तौर पर प्रकाशित किया था। बैटमैन की पहली कहानी थी 'द केस-ऑफ द केमिकल सिंडीकेट' जो सन 1939 में आई थी। अपने खास चमगादड़ की शक्ल के काले लिबास में बैटमैन को बुरे लोगों से लड़ते हुए दिखाया गया, पर उसके पास सुपरमैन की तरह कोई सुपरनेचुरल ताकत नहीं है। वह अपनी तीक्ष्ण बुद्धि, जासूसी दक्षता और तकनीकी ज्ञान के बलबूते अपराधियों को छकाता है।

बचपन में अपने माता-पिता की नृशंस हत्या का बदला लेने के लिए बैटमैन खुद को मानसिक व शारीरिक तौर पर मजबूत बनाता है और वह काल्पनिक शहर गोथम में अपने इस काम को अंजाम देता है। दरअसल बैटमैन का नाम ब्रूस वेन है, जो आम जिंदगी में एक अमीर आदमी है। उसके दो सहयोगियों का नाम है रॉबिन व एल्फ्रेड। रॉबिन नामक पात्र को फिंगर के इस सुझाव के बाद बैटमैन की जिंदगी में शामिल किया गया कि बैटमैन को भी अपने मन की बात कहने के लिए किसी दोस्त की जरूरत है।

इसकी लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि 1952 में प्रकाशित कहानी 'द माइटिएस्ट टीम इन द वर्ल्ड' में पहली बार इसे सुपरमैन के साथ पेश किया गया, जिसमें यह दर्शाया गया कि दोनों एक दूसरे की असली पहचान को जान लेते हैं। यह सिलसिला लगभग 1986 तक लगातार चला, क्योंकि बच्चों को यह बेहद पसंद आया।

इसके बाद समय-समय पर लोगों की बदलती रुचि को ध्यान में रखकर इस पात्र में अपेक्षित बदलाव किए गए। 1943 में पहली बार बैटमैन पर एक टेलीविजन धारावाहिक का प्रसारण हुआ, जिसमें लिविस विल्सन यह किरदार निभाने वाले पहले अभिनेता बने। अगले दो वर्षो में यह किरदार सुपरमैन टीवी के साथ-साथ रेडियो पर भी छाने लगा और 1949 में बैटमैन एंड रॉबिन शीर्षक से बने धारावाहिक ने इसे उन घरों में भी पहुंचा दिया, जिन्होंने कभी कॉमिक्स खरीदी ही नहीं।





# आफताब के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी उर्वशी



एक्टर -निर्माता आफताब शिवदासानी काफी समय के बाद एक रोमांटिक, हॉरर-ड्रामा के साथ हिंदी सिनेमा में वापसी की तैयारी कर रहे हैं, जिसका टाइटल कसूर है। आफताब को आखिरी बार 2019 की हिंदी फिल्म सेंटर में देखा गया था। इस फिल्म के लिए उर्वशी रौतेला भी आफताब के साथ आई हैं और फिल्म में काम करने के लिए तैयार हैं। हालांकि, इन दिनों अभिनेत्री अपनी फिल्म जेएनयू को लेकर चर्चा में चल रही हैं। आफताब शिवदासानी के साथ उर्वशी रौतेला के शामिल होने से फिल्म कसूर की कास्टिंग और भी दिलचस्प होती जा रही है। प्रैक्टिकल प्रोडक्शन के निर्माता आसिफ शेख ने पुष्टि की है कि उर्वशी रौतेला आगामी म्यूजिकल रोमांस-हॉरर फिल्म कसूर में आफताब शिवदासानी के साथ अभिनय करेंगी। रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म की शूटिंग जारी है जो इन दिनों उत्तराखंड के देहरादून और ऋषिकेश में हो रही है। वे वाइब शॉट्स के लिए उत्तराखंड की पहाड़ियों को कवर करना चाहते हैं कसूर एक मनोवैज्ञानिक डरावनी कहानी है, जो तीन पात्रों के इर्द-गिर्द घूमती है। फिल्म का निर्देशन ग्लेन बैरेटो ने किया है और इसे मुदस्सर अजीज ने लिखा है, जबकि प्रोजेक्ट को बबलू अजीज ने प्रस्तुत किया है। यह पहली बार होगा जब शिवदासानी और रौतेला स्क्रीन स्पेस शेयर करेंगे। यह फिल्म 2024 के अंत या 2025 की शुरुआत तक रिलीज होने वाली है। हालांकि, साल 2001 में आई महेश भट्ट की फिल्म कसूर में आफताब दिखाई दे चुके हैं, जिसमें उनके साथ लिसा रे, इरफान खान, आशुतोष राणा और अन्य कलाकार नजर आए थे।



# सोनाक्षी सिन्हा-जहीर इकबाल के ट्रोल्स पर भड़कीं ऋचा चड्ढा

ऋचा चड्ढा सिनेमा, समाज और वैश्विक मामलों में अपनी राय रखने से कभी नहीं हिचकिचाती हैं। हाल ही में अभिनेत्री अपनी करीबी दोस्त सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल की शादी का हिस्सा बनीं, और अब वह ट्रोल्स पर चुटकी लेती नजर आई हैं। ऋचा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर अंतरधार्मिक विवाह को लेकर सोशल मीडिया की नकारात्मकता से प्रभावित नहीं होने के लिए सोनाक्षी और जहीर की सराहना की है। ऋचा चड्ढा ने नवविवाहित जोड़े को समर्पित एक नोट साझा कर लिखा, प्रिय सोना और जहीर! मैं आपकी सादगी, एक-दूसरे के प्रति आपकी प्रतिबद्धता से प्रभावित हूं और मैं बहुत खुश हूं कि आप अपनी मन की करते हैं हैं। आपके साथ कोई तस्वीर नहीं मिली क्योंकि आप बहुत व्यस्त थे, लेकिन अली और मैं तुमसे और तुम्हारे इस जोश से बेशुमार प्यार करते हैं। तुम्हारी जोड़ी कमाल की है।

ऋचा चड्ढा ने आगे लिखा, बुरी नजर वाले तेरा मुंह फालतू। आप दोनों को प्यार। एक शानदार पार्टी के लिए धन्यवाद, और मैं आपकी जिंदगी भर की खुशियों की कामना करती हूं। जानकारी हो कि हीरामंडी में सोनाक्षी सिन्हा के साथ स्क्रीन स्पेस साझा कर चुकीं अभिनेत्री ऋचा चड्ढा ने खुद अभिनेता अली फजल के साथ अंतरधार्मिक विवाह किया था। अभिनेत्री प्रेग्नेंट हैं और जल्द ही अपने पहले बच्चे को जन्म देने वाली हैं।

# मटका किंग में विजय वर्मा के साथ नजर आएंगी कृतिका कामरा



अभिनेता विजय वर्मा इन दिनों अपनी आगामी क्राइम ड्रामा वेब सीरीज 'मटका किंग' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। हाल ही में इसका पहला पोस्टर भी जारी हुआ है। अब सीरीज से जुड़ी एक अहम अपडेट सामने आई है। दरअसल, मटका किंग में विजय वर्मा के साथ कृतिका कामरा मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। बता दें कि 'बंबई मेरी जान' में एक गैंगस्टर की दमदार भूमिका निभाने के बाद कृतिका इस सीरीज में मुख्य भूमिका निभाएंगी। इस सीरीज का निर्देशन नागराज मंजुले करेंगे।

## मुख्य भूमिका में कृतिका

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कृतिका 'मटका किंग' में मुख्य भूमिका निभाते हुए नजर आएंगी। इस बात का खुलासा खुद कृतिका ने किया है। कृतिका ने एक बातचीत के दौरान कहा, 'मैं मटका किंग का हिस्सा बनकर और ऐसी प्रतिभाशाली टीम के साथ काम करके रोमांचित हूं।' उन्होंने आगे कहा कि विजय वर्मा के साथ काम करना उनके लिए एक रोमांचक अवसर है। वह उनके काम की भी प्रशंसक हैं। अभिनेत्री ने निर्देशक नागराज मंजुले की तारीफ करते हुए कहा, 'नागराज मंजुले की नजर और कहानी कहने की कला बेजोड़ है। मैं उनके निर्देशन में अपने किरदार को जीवंत करने के लिए उत्सुक हूं।'

## सांस्कृतिक इतिहास से भरी है मटका किंग

अभिनेत्री ने आगे कहा कि 'मटका किंग' की कहानी न केवल दिलचस्प है, बल्कि सांस्कृतिक इतिहास से भी समृद्ध है। कृतिका ने कहा कि भारत के अतीत के ऐसे महत्वपूर्ण पहलू से प्रेरणा लेने वाली परियोजना का हिस्सा बनना उनके लिए सम्मान की बात है।

# मैं होम प्रॉडक्शन की फिल्म तब करूंगी जब उस लायक हो जाऊंगी



मशहूर संगीतकार राजेश रोशन की बेटी और ऋतिक रोशन की कजिन पश्मीना रोशन मनोरंजन जगत का हिस्सा बन गई हैं। फिल्म इश्क विश्क रिबाउंड से बड़े पर्दे पर दस्तक दे रही पश्मीना ने खुलकर बात की।

## कोई मिल गया के सेट पर हुआ सिनेमा से इश्क

सिनेमा से पहली बार इश्क-विश्क के बारे में पूछने पर वह बताती हैं, मेरी सिनेमा को लेकर शुरुआती याद फिल्म कोई मिल गया के सेट की है। फिल्म सिटी में कसौली शहर बसाया गया था। तब मैं बहुत छोटी थी मगर मैं और मेरी बहन रोज सेट पर जाते थे। फिल्म में बच्चे भी थे तो उनके साथ हम बहुत मस्ती करते थे। मुझे वहां पर इतना मजा आता था कि लगता था कि कभी घर ही ना जाना पड़े। तब से जब भी मैं सेट पर होती थी, सबसे ज्यादा खुश होती थी। धीरे-धीरे मुझे लगने लगा कि यही मेरी दुनिया है। यहां मुझे सबसे ज्यादा खुशी और संतुष्टि मिलती है। इसलिए, मैं स्कूल में भी थिएटर करने लगी।

## मैं गाना ना गाऊं, वही अच्छा है

पश्मीना के पापा राजेश रोशन जाने-माने संगीतकार हैं, ऐसे में उनका गायकी की ओर रुझान नहीं हुआ? इस पर वे हंसकर कहती हैं, मैं कीबोर्ड बजाती हूं। वह मुझे बहुत अच्छा लगता है मगर गाने के मामले में मेरा सुर बिल्कुल नहीं लगता। मेरे पापा को लगता है कि मेरी आवाज़ अच्छी है लेकिन मैं जब गाना गाती हूं तो मेरा चेहरा दर्द होता है। इसलिए, मुझे लगता है कि मेरे पापा की शान के लिए अच्छा है कि मैं मैं ना गाऊं।

## फिल्मी फैमिली के फायदे से इंकार नहीं

पश्मीना इंडस्ट्री की मशहूर रोशन फैमिली से हैं। उनके ताऊ जी राकेश रोशन खुद बड़े निर्माता है। ऐसे में वे अपने होम प्रॉडक्शन से भी लॉन्च हो सकती थीं? इस पर वह कहती हैं, मैं वो नहीं चाहती थी। मैं पहले उसके लायक बनना चाहती थी। मेरे घरवाले ऐसे लोग नहीं हैं जो सिर्फ लॉन्च करने के लिए फिल्म बना दें। पहले तो अच्छी स्क्रिप्ट होनी चाहिए, फिर मुझे उसके लायक होना चाहिए। जो लोग कहते हैं कि हमें फिल्मी परिवार से होने का फायदा मिलता है, उससे इंकार नहीं किया जा सकता। मैंने ऐक्टिंग क्लास की है, वहां उन लोगों को देखा है जो छोटे शहरों से ऐक्टर बनने आते हैं। उन्हें मुंबई में खुद किराया भरना पड़ता है, उसके लिए काम ढूंढना पड़ता है। मुझे पता है कि मेरे घरवाले अगर किसी को मेरे लिए कॉल नहीं भी कर रहे हैं, पर मैं कमरे में जाकर अपना नाम बोलूं तो एक वेटेज मिलती है तो मैं इससे इंकार नहीं करूंगी कि थोड़ा प्रिविलेज होता है।

# दिलजीत दोसांझ ने की स्ट्रगल पर बात



दिलजीत दोसांझ ने अपनी स्ट्रगल के बारे में बात की है। हाल ही में एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि उन्हें सक्सेस इतनी आसानी से नहीं मिली है बल्कि इसके लिए उन्हें सालों का इंतजार करना पड़ा है। एक इंटरव्यू में दिलजीत ने कहा, ये फेम रातोंरात हासिल नहीं हुआ है। आप एक दिन में ये सब हासिल नहीं कर सकते हैं। मैं इस इंडस्ट्री में 22 साल से हूं और यहां तक पहुंचने के लिए मैंने दिन-रात मेहनत की है। इसके लिए मुझे तगड़ी कीमत चुकानी पड़ी है, मैं अपने परिवार को भी वक्त नहीं दे पाया। मेरी सालों की मेहनत अब मुझे सफलता दे रही है। लेकिन मेरी और भी कुछ प्लानिंग है। आपको इसके बारे में जल्द पता चल जाएगा।

जालंधर के दोसांझ कलां में पैदा हुए दिलजीत ज्यादा पढ़ नहीं पाए। उन्होंने लुधियाना में रहकर दसवीं तक पढ़ाई की। परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी न होने की वजह से वो आगे पढ़ नहीं पाए। गुरुद्वारे में कीर्तन सुनने के बाद गायकी की ओर बढ़े। लुधियाना के ही स्थानीय गुरुद्वारे में शास्त्रीय संगीत की ट्रेनिंग ली और कीर्तन करने लगे। कीर्तन करते दिलजीत की आवाज सबको अच्छी लगती तो लोगों ने उन्हें बाहर गाने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद गुरुद्वारे से दिलजीत बाहर निकलकर शादी-समारोहों में गाने लगें। इसी तरह गाते-गाते वे पंजाबी म्यूजिक इंडस्ट्री तक पहुंच गए। 2004 में दिलजीत ने अपना पहला एल्बम इश्क दा उड़ा अड्डा रिलीज किया। 2011 में द लायन ऑफ पंजाब फिल्म से डेब्यू किया। फिल्म फ्लॉप रही लेकिन उनका एक गाना सुपरहिट रहा। पहली बार बीबीसी के एशियन डाउनलोड चैट में नॉन बॉलीवुड सिंगर का गाना टॉप पर पहुंचा। 2016 में फिल्म उड़ता पंजाब से बॉलीवुड में एंट्री ली। इसके बाद फिल्लौरी, सूरमा, अर्जुन पटियाला, गुड न्यूज और सूरज पे मंगल भारी में एक्टिंग की।

# करण जौहर ने फिल्म बैड न्यूज में विक्की-तृप्ती के किरदारों के नाम से उठाया पर्दा



फिल्म की स्टारकास्ट को लेकर करण ने अपने सोशल मीडिया पर कुछ फोटोज साझा की हैं इस फिल्म के निर्माता हैं। करण जौहर और निर्देशक हैं। आनंद तिवारी, यह फिल्म 19 जूलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। करण ने कैप्शन में लिखा, अखिल चड्ढा.. सब तो वड्डा। फिल्म में तृप्ति डिमरी सलोनी के किरदार में नजर आएंगी, जो हर एक परिक्षा के लिए हमेशा तैयार रहती हैं। गुरबीर पाजी- रोला पाई गया जी।



# इंडस्ट्री में लोगों को संभालना आना चाहिए नहीं तो टैलेंट स्टोर रूम में पड़ा रहेगा

**एक समय कॉमेडी फिल्मों में नजर आने वाली अभिनेत्री रिमी सेन इन दिनों एक कानूनी मामले के चलते सुर्खियों में हैं। रिमी सेन ठगी का शिकार हो गई हैं और ठगी भी कोई छोटी-मोटी नहीं, बल्कि चार करोड़ रुपये की हुई है। हाल ही में दिए एक साक्षात्कार में उन्होंने इस मामले और अपने करियर को लेकर खुलकर बातचीत की।**

## क्या है पूरा मामला?


रिमी सेन ने एक हालिया साक्षात्कार में बताया कि ठगी करने वाले शख्स ने खुद की पहचान एक अमीर व्यवसायी की बताई थी। पैसे ऐंठने का मामला साल 2020 से चल रहा था। दरअसल, उस आदमी ने रिमी के पैसों को ऊंची ब्याज दरों के साथ लौटाने का वादा किया था, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। पैसे मिलने के बजाय बहाने मिलने शुरू हो गए। रिमी के मुताबिक उसने कई टुकड़ों में चार करोड़ रुपये लिए थे और अब उसके खिलाफ एक वारंट जारी किया जाएगा।

## कॉमेडी फिल्मों में काम कर-करके थक गई थीं रिमी

रिमी ने अपने करियर के बारें में बात करते हुए कहा कि फिल्म इंडस्ट्री में आपको लोगों को संभालने की कला आनी चाहिए। प्रतिभा उसके बाद में आती है। ऐसा नहीं कर पाने पर कुछ नहीं हो सकता है और टैलेंट स्टोर रूम में पड़ा रहेगा। रिमी ने साफ-साफ कहा कि उन्हें बेचना और पीआर करना नहीं आता था। अपने किरदारों को लेकर रिमी ने कहा कि वो कॉमेडी फिल्मों में अभिनय कर-करके थक चुकी थीं। उन्होंने कहा कि उन फिल्मों में ज्यादा कुछ करने को नहीं होता था। केवल फर्नीचर रोल होता था। हालांकि, उन्होंने बताया कि हंगामा और जॉनी गद्दार ऐसी फिल्में थीं, जिनमें उन्हें लगता है कि उन्हें अच्छा रोल मिला था।

# फिल्मों के बजट और एक्टर्स की फीस पर बोले अनिल

पिछले कुछ दिनों से बॉलीवुड में एक्टर्स की बढ़ती फीस और बजट का मुद्दा गरमाया हुआ है। एक्टर्स की बढ़ती फीस पर करण जौहर और अनुराग कश्यप चिंता जाहिर कर चुके हैं। अब अनिल कपूर ने भी फिल्म के बजट, एक्टर्स की फीस और गैरजरूरी डिमांड्स को लेकर बात की है। उन्होंने कहा कि एक्टर्स के ज्यादा फीस की वजह से फिल्म के बजट पर काफी असर पड़ता है। ऐसा कई बार हुआ कि मैंने प्रोड्यूसर्स को सपोर्ट करने के लिए फीस नहीं ली । बिग बॉस ओटीटी सीजन 3 को होस्ट कर रहे अनिल कपूर ने इंडियन एक्सप्रेस को दिए इंटरव्यू में कहा- एक्टर्स के ज्यादा फीस की वजह से फिल्म के बजट पर काफी असर पड़ता है। एक प्रोड्यूसर अधिक से अधिक फिल्में बना सके, इसके लिए एक्टर्स को अपनी फीस और गैरजरूरी डिमांड्स के बारे में सोचना चाहिए। अनिल कपूर ने कहा- मैंने बिना पैसे लिए भी फिल्में की हैं। ऐसा कई बार हुआ कि मैंने प्रोड्यूसर्स को सपोर्ट करने के लिए फीस नहीं ली। आज सभी एक्टर्स और तकनीशियनों को अपनी फीस के बारे में सोचना चाहिए। फिल्म जितने कम बजट में बनेगी, प्रोड्यूसर्स उतनी ही अधिक फिल्में बना सकते हैं। अनिल कपूर प्रोड्यूसर के तौर पर बधाई हो बधाई, गांधी माई फादर, आयशा, वीरे दी वेडिंग और खूबसूरत समेत कई फिल्में प्रोड्यूस कर चुके हैं। इन फिल्मों के निर्माण के दौरान वो आर्थिक तंगी का भी समाना कर चुके हैं।



# राजस्व वसूली में वृद्धि लाये : जिलाधिकारी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली सुनिश्चित कराने व भूमाफियाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से आज



डीएम मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के सभागार में कर करेत्तर व एंटी भू-माफिया टास्क फोर्स की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुयी।

जिला अधिकारी ने स्टांप शुल्क, वाणिज्य कर, आबकारी विभाग, विद्युत विभाग, खनन विभाग, परिवहन विभाग, सिंचाई विभाग एवं अन्य समस्त विभागों की समीक्षा करते हुये संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि शासन के द्वारा जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है, उसी के सापेक्ष अपनी कार्य योजना तैयार करते हुये राजस्व वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कहा कि लीज रेंट रजिस्ट्रेशन कराने वाले खरीददारों का स्टांप पर एग्रीमेंट कराया जाये ताकि राजस्व में वृद्धि हो सके।

इसी प्रकार वाणिज्य कर विभाग की समीक्षा करते हुये अधिकारियों को निर्देशित किया कि जीएसटी वसूली में वृद्धि करना सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि उनके द्वारा अधिक से अधिक एनफोर्समेंट कार्य किए जाएं ताकि अधिक से अधिक राजस्व वसूली सुनिश्चित कराते हुए लक्ष्य की प्राप्ति की जा सके।

जिलाधिकारी ने एंटी भू-माफिया टास्क फोर्स के अधिकारियों को निर्देश दिए कि समस्त उप जिलाधिकारी गण एवं पुलिस के अधिकारीगण पुराने भूमाफियाओं की स्कूटनी कर ले और नये भूमाफियाओं को चिन्हित करते हुए कार्रवाई सुनिश्चित करें। यदि कहीं पर भी भूमाफियाओं के द्वारा अवैध निर्माण या भूमि पर कब्जे का प्रकरण संज्ञान में आता है, तो तत्काल एसडीएम, पुलिस एवं प्राधिकरण के अधिकारी गण संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माण को ध्वस्त करने की कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि तहसील, प्राधिकरण एवं पुलिस के अधिकारीगण संयुक्त रूप से वृहद स्तर पर अभियान चलाकर भूमाफियाओं के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें।

एसडीएम को निर्देश दिए कि अपनी-अपनी तहसीलों में प्रतिदिन एसडीएम, तहसीलदार कोर्ट में विचाराधीन प्रकरणों में सुनवाई करते हुए निर्धारित समय अवधि में प्रकरणों का निस्तारण किया जाए एवं धारा 24 व धारा 116 के प्रकरणों को अभियान चलाकर जल्द से जल्द निस्तारण किये जाए। साथ ही निर्देश दिए कि तहसीलों से आय, जाति, निवास तथा अन्य प्रमाण पत्रों को लंबित न रखा जाए, सभी आवेदनों पर निर्धारित समय अवधि में आवश्यक कार्रवाई करते हुए ससमय जारी करने की कार्रवाई करें।

बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ नितिन मदान, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक भैरपाल सिंह, नगर मजिस्ट्रेट धर्मेंद्र सिंह, उप जिलाधिकारी जेवर अभय सिंह, उप जिलाधिकारी दादरी अनुज नेहरा व तहसील के अन्य अधिकारी गण तथा पुलिस एवं अन्य संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को आज भी बंटेगा राशन : चमन शर्मा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** जिला पूर्ति अधिकारी चमन शर्मा ने बताया कि अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी



कार्डधारकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के तहत माह जून 2024 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न व बाजरा का नि:शुल्क तथा चीनी सशुल्क वितरण कराए जाने के लिए 08 जून 2024 से 25 जून 2024 तक वितरण तिथि निर्धारित की गई थी। प्रदेश के कुछ जनपदों में राशन कार्डधारकों/ उपभोक्ताओं को खाद्यान्न, बाजरा एवं चीनी का शत् प्रतिशत वितरण न होने के कारण माह जून 2024 के सापेक्ष आवश्यक वस्तुओं के वितरण का कार्य 27 जून 2024 तक विस्तारित किया गया है। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि 27 जून 2024 तक ई-पॉस मशीन के माध्यम से आधार आधारित वितरण किया जाएगा, मोबाइल ओटीपी के माध्यम से वितरण की सुविधा पूर्व तिथि 25 जून 2024 के साथ 27 जून 2024 को भी उपलब्ध रहेगी। उन्होंने बताया कि 27 जून 2024 तक कार्ड धारकों को पोर्टेबिलिटी के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त करने की भी सुविधा उपलब्ध रहेगी, ताकि कोई भी लाभार्थी खाद्यान्न प्राप्त करने से वंचित न रहे।

# अधोमानक दवा मिलने पर दो के खिलाफ मुकदमा दायर

**नोएडा ( चेतना मंच )।** जांच में अधोमानक पाए गए दो दवाओं के मामले में कंपनी के




जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध न्यायालय में 2 वाद दायर किए गए।

आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के निर्देशों के क्रम में एवं डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में जनपद के मेडिकल स्टोर्स पर मानकों के अनुरूप दवाईयों की बिक्री सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से औषधि निरीक्षक वैभव बब्बर द्वारा समय-समय पर औषधि नमूने जांच के लिए संग्रहित करते हुए उनको जांच के लिए लैब भेजा जाता है। जिनमें से 2 एंटीबीओटीक टेबलेट जांच में अधोमानक पायी गयी।

अधोमानक औषधि को बनाना और बेचना औषधि एवं प्रसाधन अधिनियम 1940 की धारा 18 में उल्लंघन है, जो कि धारा 27 में दण्डनीय अपराध है। जिसकी विवेचना कर mo&faith टेबलेट की निर्माता कंपनी प्रोटेक्ट टेली लिंक हिमाचल प्रदेश और mo&averi टेबलेट की निर्माता कंपनी नियोवेरीटस हेल्थ केयर हिमाचल प्रदेश और उनके ज़िम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध न्यायालय गौतमबुद्धनगर में वाद दायर किया गया है।

# सेक्टर 34 में डेकोरेटिव स्ट्रीट लाइट का शुभारंभ

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-34 के आंतरिक मुख्य मार्गों पर डेकोरेटिव स्ट्रीट लाइट का शुभारंभ हो



गया। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष के.के. जैन ने इसके लिए मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं विद्युत यांत्रिकी विभाग का आभार व्यक्त किया।

आरडब्ल्यूए महासचिव धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि सेक्टर की सुंदरता हेतु सेक्टर के आंतरिक मुख्य मार्गों पर डेकोरेटिव स्ट्रीट लाइट लगाए जाने के लिए पिछले काफी समय से प्रयासरत थे। इस इससे सेक्टर की सुंदरता और बढ़ गई है।

इस दौरान आरडब्ल्यूए अध्यक्ष के.के.जैन, महासचिव धर्मेंद्र शर्मा, प्राधिकरण के प्रबंधक गौरव शुक्ला, अवर अभियंता सुनील कश्यप आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# पुलिस उपायुक्त रामबदन सिंह को दी बधाई



**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा एन्ट्रेप्रिनियोर्स एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमण्डल अध्यक्ष विपिन कुमार मल्हन के नेतृत्व में नव नियुक्त पुलिस उपायुक्त फेस-1, रामबदन सिंह से सैक्टर-6, नौएडा स्थित कार्यालय में मिला तथा पुष्प भेंट कर उनका गौतमबुद्धनगर में पुलिस उपायुक्त का पदभार ग्रहण करने पर बधाई दी।

विपिन कुमार मल्हन ने रामबदन सिंह की नोएडा में नियुक्ति पर खुशी जाहिर करते हुए उनसे अपेक्षा की कि नौएडा में कानून-व्यवस्था में व्यापक सुधार के साथ-साथ उद्योगों से संबधित समस्याओं का समाधान होगा।

इस दौरान एन0ई0ए0 महासचिव वी0के0सेठ भी मौजूद रहे।

# सैनिक बंधु समिति की बैठक सम्पन्न

**नोएडा ( चेतना मंच )।** जनपद के पूर्व सैनिकों की समस्याओं का निस्तारण कराने एवं शासन द्वारा सैनिकों के हितार्थ चलाई जा रही योजनाओं का पात्र सैनिकों तक शत प्रतिशत लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से



डीएम मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ नितिन मदॉन ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सैनिक बन्धु समिति की बैठक की अध्यक्षता की।

अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने बैठक में पूर्व सैनिकों की समस्याओं जैसे भूमि विकास, ग्राम की सड़कों की मरम्मत, जलभराव की समस्या, पुलिस, बैंक से ऋष्ठा, पेंशन, शिक्षा, आर्थिक अनुदान, रोजगार, स्वास्थ सेवाओं सम्बन्धी समस्या तथा अन्य समस्याओं का अनुश्रवण करते हुये सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि पूर्व सैनिकों की आज जो समस्या प्राप्त हुयी है, उनका निस्तारण समयबद्धता के आधार पर करते हुये रिपोर्ट तैयार कर उपलब्ध करायें।

अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने इस अवसर पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा सैनिकों के हितार्थ जो जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है, उनका व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार करते हुए पात्र सैनिकों तक शत प्रतिशत लाभ पहुंचाने की कार्रवाई करें, ताकि जनपद का कोई भी पात्र सैनिक योजनाओं के लाभ से वंचित ना रहे।

इस महत्वपूर्ण बैठक में नगर मजिस्ट्रेट धर्मेंद्र सिंह, जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी गौतम बुद्ध नगर कर्नल कपिल कत्याल( अ0प्रा0), कर्नल कपिल बक्शी, ऐडम कमांडेंट बाबूगढ़, एसीपी मनीष कुमार, जिला सेवायोजन अधिकारी मनीषा त्री व सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों एवं पूर्व सैनिक कल्याण समिति के पदाधिकारियों व पूर्व सैनिकों के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# चुनाव में श्रेष्ठ योगदान पर रालोद की महिला नेत्रियों का आभार जताया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय लोक दल कार्यालय में आज नारी शक्ति




संगठन की नेत्रियों की बैठक हुई जिसमें चुनाव के दौरान उनके योगदान को सराहा गया।

स्टार प्रचारक चारु चौधरी ने सभा को संबोधित किया सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता महिलाओं का उत्साहवर्धन किया। महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती मनीषा अहलावत, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष निशा चौधरी, राष्ट्रीय महासचिव आसू राणा, राष्ट्रीय सचिव श्रीमती भावना, पूर्व क्षेत्रीय महासचिव हस्तिनापुर श्रीमती सोनिका चौधरी, अनुपमा चौधरी, पूर्व मंडल अध्यक्ष रौनक खान,



क्षेत्रीय अध्यक्ष, पूनम चौधरी, सुमन चौधरी, गाजियाबाद जिला अध्यक्ष एडवोकेट नीतू सिंह, उप्र की रालोद प्रवक्ता प्रियंका अत्रि एडवोकेट तथा अन्य पदाधिकारी महिलाएं व कार्यकर्ता महिलाएं आदि महिलाएं मीटिंग में सम्मिलित रही।

स्टार प्रचारक श्रीमती चारु चौधरी ने नारी शक्ति संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष को व सभी महिला पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं का विशेष रूप से इस कार्य के लिए आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में संगठन को मजबूत करने के दिशा निर्देश दिए।

# नोएडा-ग्रेटर नोएडा में बिल्डरों ने दिखाये सब्जबाग

## 13 साल बाद भी नहीं मिल पाया फ्लैट, भर रहे हैं ईएमआई

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा-ग्रेटर नोएडा में बिल्डरों ने बॉयर्स को फ्लैट बेचने के नाम पर ठग कर अरबों रूपये कमाये हैं। बिल्डरों ने बॉयर्स को नोएडा-ग्रेटर नोएडा में फ्लैट देने के सब्जबाग तो दिखाये लेकिन पिछले 13 सालों से बॉयर्स को फ्लैट नहीं मिला और उसके लाखों रूपये खर्च हो गये। वहीं कुछ बॉयर्स फ्लैट न मिलने के बावजूद ईएमआई भर रहे हैं। नोएडा और ग्रेटर नोएडा में बिल्डरों की ऐसी ही बड़ी धोखाधड़ी का मामला प्रकाश में आया है। हैरानी इस बात की है कि नोएडा पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत पर बिल्डरों के खिलाफ एफआईआर नहीं लिखी। न्यायालय का आदेश आने के बाद ही पुलिस को बिल्डरों के खिलाफ एफआईआर लिखनी पड़ी।

### गायत्री औरा में फ्लैट देने के नाम पर धोखाधड़ी

ग्रेटर नोएडा के थाना बिसरख में दर्ज हुए दो मामलों में नोएडा-ग्रेटर नोएडा में बिल्डरों द्वारा की गई बड़ी धोखाधड़ी से पर्दा उठाया है। थाना बिसरख में योगेश कपिल पुत्र प्रेमचंद कपिल निवासी गाजियाबाद ने मैसर्स गायत्री हॉस्पिटैलिटी एण्ड रियलकोन लिमिटेड के डायरेक्टर हरिओम दीक्षित, विष्णु दीक्षित के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर एफआईआर दर्ज कराई है। एफआईआर में उन्होंने आरोप लगाया है



कि वर्ष 2011 में उन्हें मैसर्स गायत्री हॉस्पिटैलिटी एण्ड रियलकोन लिमिटेड के डायरेक्टर हरिओम दीक्षित ने बताया कि वह गायत्री ओरा नाम से ग्रेटर नोएडा में एक सोसायटी बना रहे हैं। इस सोसायटी में सस्ते फ्लैट हैं। पीड़ित को विश्वास में लेने के लिए हरिओम ने जमीन की लीज-डीड की कॉपी भी दिखाई। जिसके बाद योगेश फ्लैट खरीदने के लिए तैयार हो गए और उन्होंने 2011 से 2015 तक 6 से 7 किस्तों में 23 लाख 50 हजार रूपये का भुगतान बिल्डर कंपनी को कर दिया, लेकिन बिल्डर ने मौके पर फ्लैटों का निर्माण नहीं किया। दबाव देने पर बिल्डर बॉयर एग्रीमेंट करने को तैयार हो गया और उन्हें एक एलॉटमेंट लेटर भी दे दिया। यह फ्लैट उन्हें 40 माह में मिलना था, लेकिन आज तक उन्हें यह फ्लैट नहीं मिल पाया है। खोजबीन करने पर उन्हें पता चला कि गायत्री ओरा सोसायटी में एल ब्लॉक बिल्डर द्वारा नहीं बनाई गई है। इस ब्लॉक की जमीन बिल्डर ने ओपेक्स ओरा नाम की सोसायटी को बेच दी है।

योगेश ने जब बिल्डर से अपनी रकम मांगी तो बिल्डर हरिओम दीक्षित ने उन्हें फ्लैट देने से साफइंकार कर दिया और जान से मारने की धमकी दी।

### आस्था ग्रीन्स प्रोजेक्ट में बुक फ्लैट नहीं मिला

थाना बिसरख में दूसरा मामला श्रीमती नीरजा भटनागर पत्नी राहुल भटनागर निवासी इंदिरापुरम गाजियाबाद ने दर्ज कराया है। उन्होंने मैसर्स आस्था इन्फ्रासिटी लि0 के निदेशक अरूण कुमार सिंह पुत्र स्व0 जगदीश प्रसाद, सेल्स एजेंट सुरेन्द्र व अमन भारद्वाज तथा दीपक जैन निदेशक मैसर्स महेश रियटर्स प्रा0लि0 और कंपनी के प्रतिनिधि मुकेश कुमार रब के खिलाफ दर्ज कराया है।

एफआईआर में नीरजा भटनागर ने बताया कि उन्हें सेल्स एजेंट सुरेन्द्र व अमन ने मैसर्स आस्था इन्फ्रासिटी लि0 के निदेशक अरूण कुमार सिंह से मिलवाया। नीरजा एनसीआर में एक फ्लैट लेना चाहती थीं। बिल्डर अरूण कुमार सिंह ने उन्हें ग्रेटर नोएडा के सेक्टर-4 में अपने प्रोजेक्ट आस्थी ग्रीन्स में फ्लैट बुक कराने के लिए सब्जबाग दिखाए। उन्होंने इस प्रोजेक्ट में एक 1395 स्क्रायर फिट का एक फ्लैट बुक कराया जो 54 लाख 88 हजार 876 रू0 का था। उन्होंने नकद व चैक तथा बैंक लोन के माध्यम से बिल्डर को 48 लाख 90 हजार रू0 का भुगतान किया। इस फ्लैट का कब्जा उन्हें 28 जून 2020 तक दिया जाना था। लेकिन उन्हें आज तक फ्लैट का कब्जा नहीं मिला। जब उन्होंने बिल्डर अरूण कुमार से फ्लैट के बारे में बात की तो उसने उनके साथ गाली-गलौज की तथा धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया। नीरजा का आरोप है कि बिल्डर ने फर्जी दस्तावेज तैयार करके उनके फ्लैट को मैसर्स महेश रियलटर्स प्रा0लि0 को बेच दिया है।

पुलिस ने इस मामले में धारा 406, 420, 467, 468, 471, 504, 506 तथा 120बी आईपीसी के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।






Azadi Ka Amrit Mahotsav







GOLDEN OPPORTUNITY
COMMERCIAL PLOTS



Scheme Code: CPS-1/2024-25
Through e-Auction/On-Line Bidding

SALIENT FEATURES

• Proximity with Noida International Airport • Easy access to Eastern & Western Dedicated Freight Corridors • Best planned city in NCR • Expressways providing excellent Multi-city Connectivity • Residential Sectors, Commercial Sectors, Educational Institutions in the Vicinity • World-class civic amenities

Greater Noida announces e-Auction for the allotment of Commercial Plots, as per terms and conditions prescribed in the on-line brochure.

How to participate/other details: Interested parties will need to sign up and obtain user ID and password on the portal https://etender.sbi as well as deposit Documents, Processing Fee (Participation Fee) & EMD separately through online payments as per date mentioned in the online brochure.

The brochure containing details of plots, procedure, terms and conditions of e-Auction is available on our website www.greaternoidaauthority.in and the web portal https://etender.sbi

It will be the sole responsibility of the bidder/participant to obtain a compatible computer terminal with Internet connection to enable him/her to participate in the e-bidding process for any reasons thereof.

Authority reserves the right to accept or reject one or all the bids or cancel/postpone the e-auction without assigning any reason.

COMMERCIAL PLOTS - 4 FAR

| S. No. | Plot No. | Sector | Area of Plot (in Sqm.) | Total Reserve Price of Plot (₹) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | C-1 | Sector-10 | 9250 | 92,41,02,750/- |
| 2 | C-4 | Sector-10 | 10600 | 1,05,89,71,800/- |
| 3 | C-5 | Sector-10 | 10600 | 1,05,89,71,800/- |
| 4 | C-8 | Sector-12 | 10400 | 1,03,89,91,200/- |
| 5 | C-9 | Sector-12 | 10400 | 1,03,89,91,200/- |
| 6 | C-10 | Sector-12 | 10400 | 1,03,89,91,200/- |
| 7 | C-11 | Sector-12 | 10400 | 1,03,89,91,200/- |
| 8 | C-12 | Sector-12 | 10400 | 1,03,89,91,200/- |
| 9 | C-4 | Delta-1 | 3600 | 35,96,50,800/- |
| 10 | C-5 | Delta-1 | 4800 | 47,95,34,400/- |
| 11 | C-8 | Delta-1 | 3600 | 35,96,50,800/- |
| 12 | C-01 | Sector-1 | 7845 | 71,24,90,745/- |

Plots clear from all encumbrances | Lease plans are ready | Possession within 30 Days | Allotment will be made on "as in where is basis"

| Document Download Starts | Registration End Date & Time | Last Date of Registration, EMD, Processing Fee Deposit | Last Date of Final Submission of Documents | E-Auction Date & Time to be Notified Separately |
|---|---|---|---|---|
| 26-06-2024 \| 3:00 PM | 16-07-2024 \| 5:00 PM | 19-07-2024 \| 5:00 PM | 22-07-2024 \| 3:00 PM | |

For corrigendum/addendum, Please refer to website www.greaternoidaauthority.in
Don't miss the opportunity, please visit One Map Greater Noida for plots location details.

Greater Noida Industrial Development Authority
Plot No. 01, Knowledge Park-04, Greater Noida-201308, Distt.-Gautam Budh Nagar, (U.P.)
Helpline Center No. : 0120 2336046, 2336047, 2336048, 2336049
Ph.: 0120-2336030-33 | E-mail: authority@gnida.in | Website: www.greaternoidaauthority.in

Follow us on /OfficialGNIDA